# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 06 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 3 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 02 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028







4 ▸▸ जनकल्याण में जुटी मोदी सरकार

भारत में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले अभिनेता बने शाहरुख खान◂◂ 6







# देउड़ी मंदिर में ताला जड़ने के विरोध में बुंडू और तमाड़ बंद

**मेट्रो रेज**

**तमाड़, (रांची) :** तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट के गठन विरोध में हिंदू और आदिवासी संगठन आमने सामने हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार को मंदिर में ताला जड़ दिया था। जिसके विरोध में विभिन्न संगठनों ने तमाड़ और बुंडू बंद का आह्वान किया है। जिसका जबरदस्त असर देखने को मिल रहा है। ज्यादातर दुकानें बंद हैं। लोगों ने ताला लगाने वालों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की है।

हिंदू समुदाय ने की आरोपियों की गिरफ्तारी की मांगः तमाड़ और बुंडू में आदिवासी समुदाय द्वारा प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर में ताला लगाकर पूजा को बाधित करने के विरोध में सभी दुकानदारों ने स्वतः अपनी दुकानों को बंद कर बंदी का समर्थन किया है। हिंदू समुदाय के लोगों का आरोप है कि मंदिर में ताला लगाने वालों ने उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने मंदिर में ताला लगाने



वालों की गिरफ्तारी की मांग की है।

**बुंडू और तमाड़ में बंद का क्या है असरः** बुंडू और तमाड़ में बंद का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद है। लोगों ने मंदिर में ताला लगाने वालों के खिलाफ नारेबाजी की और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। प्रशासन ने मामले में सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है और उसने ताला लगाने वालों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

क्यों किया गया है तमाड़ और बुंडू बंद का अह्वानः ताला जड़े जाने की सूचना मिलने पर हिंदू राष्ट्र सेना के तमाड़ मंडल अध्यक्ष गौरव गांगुली भी सैकड़ों लोगों के साथ मंदिर परिसर पहुंच गये और तालाबंदी का विरोध किया। शाम में कई संगठनों ने ताला जड़े जाने के विरोध में मशाल जुलूस निकाला और शुक्रवार को तमाड़ और बुंडू में बंद रखने की घोषणा की। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम मोहनलाल मरांडी दल-बल के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। एसडीएम ने स्थानीय लोगों से ताला खोलने का आग्रह किया, लेकिन वे ट्रस्ट के गठन के विरोध में अड़े हुए थे।

**ग्रामीणों का क्या कहना है:** उनका कहना था कि उनकी सहमति के बगैर ट्रस्ट का गठन किया गया है। बाद में प्रशासन ने सख्ती बरती और ताला तोड़ कर मंदिर में पुनः पूजा शुरू करायी गयी। इस बीच एसडीएम और ग्रामीणों के बीच करीब तीन घंटे तक वार्ता चली। ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। उनका कहना था कि ट्रस्ट का गठन नियम विरुद्ध किया गया है। दिउड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के शिलान्यास के बाद से ही उनकी अनदेखी की जा रही है। इधर एसडीएम ने मंदिर में ताला जड़नेवालों को चिह्नित कर कार्रवाई की बात कही है।

**ग्रामीणों की क्या है मांग** :ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक विकास कुमार मुंडा की ओर से आठ करोड़ रुपये की लागत से होनेवाले सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास छह माह पूर्व किया गया था। ग्रामीणों ने सौंदर्यीकरण के कार्य को भी रोके रखा है। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक नियम के तहत ट्रस्ट का गठन नहीं हो जाता है, तब तक वे मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए तैयार नहीं हैं।



## मुख्यमंत्री ने पत्नी कल्पना संग फोटो शेयर कर हरतालिका तीज की दी बधाई

**मेट्रो रेज**

**रांची :** हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज होता है। इस बार यह पर्व 6 सितंबर यानी आज मनाया जायेगा। हरतालिका तीज के दिन सुहागनें निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस खास अवसर पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने भी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ फोटो शेयर की है। हेमंत ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर पत्नी को हरतालिका तीज की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हरतालिका तीज पर प्रदेश की सभी बहनों/माताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार दांपत्य प्रेम का प्रतीक है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि आपके जीवनसंगिनी का त्याग और समर्पण एक सुखी परिवार की नींव है। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज मजबूत होगा। मेरी कामना है कि आप सभी की प्रार्थना भगवान सफल करें और आपके पारिवारिक जीवन में सदैव खुशियां बनी रहें। सभी दंपतियों को पुनः हरतालिका तीज की शुभकामनाएं।

## जहरीले सांप के काटने से तीन बच्चों की मौत, एक गंभीर



**गढ़वाः** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के चपकली गांव के नवाबाजार टोला में एक दर्दनाक घटना घटी है। जहरीले सांप के काटने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर हालत में है। रात के समय, जब परिवार के सदस्य जमीन पर सो रहे थे, सांप ने सभी को डंस लिया। इसके बाद, परिजन झाड़-फूंक के लिए एक तांत्रिक के पास पहुंचे, लेकिन इलाज का कोई असर नहीं हुआ और तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना के समय सभी बच्चे आदिम जनजाति समुदाय के थे। फिलहाल, गंभीर हालत में एक बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच जारी है।

### पूर्व डीएमके नेता पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

## बंगला, होटल और कार सहित 55 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली :** पूर्व डीएमके नेता पर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने उनका बंगला, होटल और महंगी कारों सहित 55 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने यह एक्शन डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और उनके सहयोगियों से संबंधित संपत्ति पर लिया है। पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 14 अचल संपत्तियां जब्त की गई हैं। जेएसएम रेजीडेंसी होटल के अलावा एक आलीशान बंगला, जगुआर और मर्सिडीज जैसी 7 महंगी गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक संपत्तियों



को आपराधिक गतिविधियों के जरिए हासिल किया गया था।

ईडी ने सादिक और उसके सहयोगियों की 55.30 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह एक्शन एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह के स्यूडोएफेड्राइन और केटामाइन की तस्करी की जांच के बाद लिया गया है, जिसका सरगना जाफर सादिक बताया जा रहा है। एनसीबी और कस्टम विभाग की जांच के आधार पर ईडी ने तमिलनाडु में 15 ठिकानों पर तलाशी ली है। ईडी की जांच से पता चला है कि जाफर सादिक अपने भाई मोहम्मद सलीम और अन्य लोगों के साथ मिलकर स्यूडोएफेड्रिन और अन्य मादक पदार्थों के निर्यात और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल था। वह अन्य व्यक्तियों और रिश्तेदारों के साथ कई कंपनियों का भागीदार है।

ईडी के मुताबिक इस पूरे सेट अप का इस्तेमाल अवैध ड्रग तस्करी से होने वाली आय को रूट करने के लिए किया गया था। इसलिए, जाफर सादिक को ईडी ने 26 जून, 2024 को गिरफ्तार किया और उसके भाई मोहम्मद सलीम को 12 अगस्त को गिरफ्तार किया गया।ईडी की जांच में यह भी पता चला कि जाफर सादिक और उसके सहयोगियों ने अपने ड्रग कारोबार से प्राप्त अपराध की आय को रियल एस्टेट, फिल्म निर्माण, हॉस्पिटैलिटी और लॉजिस्टिक्स सहित कई वैध उपक्रमों में निवेश किया था।

## मुंबई में सात मंजिला टाइम्स टावर बिल्डिंग में लगी भीषण आग, दमकल की 9 गाड़ियां मौके पर मौजूद

### कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**मुंबई :** मुंबई के मिल्स इलाके में मौजूद सात मंजिला टाइम्स टावर बिल्डिंग में भीषण भीषण आग लगी है। आग सुबह करीब 6:30 बजे लगी है। बिल्डिंग में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। आग लगने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 9 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। फिलहाल आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। बता दें कि कमला मिल्स कंपाउंड में स्थित यह टावर एक



व्यावसायिक इमारत है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि बिल्डिंग से आग की लपटें उठ रही है। वहीं काले धुएं का गुबार देखकर घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बीच अफरातफरी का माहौल है।

### प्रधानमंत्री ने की 'जल संचय जन भागीदारी पहल' की शुरूआत, कहा-

## जल संरक्षण मानवता के भविष्य का सवाल



**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री ने गुजरात में जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरूआत की। प्रधानमंत्री वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'यह बेहद अहम पहल है, जिसकी गुजरात की धरती से शुरूआत हो रही है। जल शक्ति मंत्रालय ने इस पहल की शुरूआत की है। हाल के दिनों में देश के हर कोने में भारी बारिश से तबाही जारी है। देश को कोई हिस्सा ही शायद होगा, जिसने इस प्राकृतिक आपदा की वजह से संकट न झेला हो। इस बार गुजरात को भी भारी संकट का सामना करना पड़ा। हमारी सारी व्यवस्थाओं में भी इतनी क्षमता नहीं है कि इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी में हमारी मदद कर सकें, लेकिन गुजरात के लोगों और अन्य देशवासियों में ये आदत है कि संकट की घड़ी में सभी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो जाते हैं।'

'जल संरक्षण मानवता के भविष्य का सवाल': प्रधानमंत्री ने कहा कि 'जल संरक्षण सिर्फ एक नीति नहीं है बल्कि यह एक प्रथा है। यह हमारी जिम्मेदारी भी है। जब भावी पीढ़ियां हमारा आकलन करेंगी तो हमारा जल के प्रति जो रवैया है, उसका भावी पीढ़ी सबसे पहले आकलन करेंगी। यह जीवन-मरण का सवाल है और यह मानवता के भविष्य का सवाल है।

### बिहार में आरक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट से नोटिस जारी

## राजद और बिहार सरकार की याचिका को साथ जोड़ा

**पटना/नई दिल्लीः** बिहार में आरक्षण के बढ़ाए हुए दायरे को पटना हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था जिसके खिलाफ राजद सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। आरजेडी ने पटना हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की याचिका दायर की थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आरजेडी की इस याचिका पर नोटिस जारी किया है। वहीं राजद की याचिका को बिहार सरकार के द्वारा पूर्व में दायर याचिका के साथ जोड़ दिया है। राजद ने भी दायर की है याचिकाः बिहार में जातीय गणना के बाद आरक्षण के दायरे को बढ़ाया गया था। अनुसूचित



जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी), अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण के दायरे को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया गया था। बिहार सरकार के इस फैसले पर पटना हाईकोर्ट ने रोक लगा दिया था। हाईकोर्ट के फैसले को बिहार सरकार और राजद दोनों की ओर से चैलेंज किया गया था। पहले बिहार सरकार और फिर आरजेडी ने इससे जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी।

राजद की याचिका को बिहार सरकार की याचिका के साथ अटैच कियाः राजद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसला लिया । शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने आरजेडी की याचिका को बिहार सरकार की याचिका के साथ अटैच किया है। इस मामले की सुनवाई अदालत आगे करेगी। वहीं राजद की इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से नोटिस भी जारी किया गया है। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इंकार कर चुका है सुप्रीम कोर्टः बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में आरक्षण मामले से जुड़ी एक सुनवाई में पटना हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने से मना किया था। सितंबर में इस मामले की सुनवाई तय की गयी थी। राजद इस मामले में पहले पार्टी नहीं थी। पहले बिहार सरकार और फिर राजद ने भी इस मामले में याचिका दायर की। वरीय अधिवक्ता पी विल्सन राजद की ओर से राजद का पक्ष रख रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

## डीएवी नंदराज में मना अनोखा शिक्षक दिवस



**रांचीः** सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर संपूर्ण भारतवर्ष ने शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर शिक्षकों का गुणगान 'गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णु.. 'का पाठ बड़े ही जोर शोर से किया गया।
इसी बीच रांची के डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल ,बरियातू में अपने साधारण लीक से हटकर बच्चों में भारतीय वैदिक सभ्यता - संस्कृति को डालने हेतु स्वयं सभी शिक्षकों ने ऋग्वेद और यजुर्वेद के मंत्रों को स्वर याद कर दयानन्द, अरविंद, विवेकानंद और श्रद्धानंद हाउस में शिक्षक - शिक्षिकाओं का एक 'अन्तः विद्यालयीय मंत्रोच्चारण शिक्षक प्रतियोगिता' आयोजित की गई । 18 वीं शताब्दी में दो महापुरुष हुए ; जिसमें एक ने कहा ' मजदूरों एक होओ' और दूसरे ने कहा ' विद्वानों एक होओ ' परिणाम सामने है। यह सही है कि जो सामान्य बच्चे को महान चंद्रगुप्त बना दे ,वह शिक्षक है । जिसकी गोद में विनाश और निर्माण की लहरें हिलोरें ले रही हो ,वह शिक्षक है। अस्तु । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रविप्रकाश तिवारी जी ने कहा कि प्रत्येक दिन एक शिक्षक कम से कम यदि चार क्लास लेता है तो 200 बच्चों से मिलता है । उसके पास 400 सौ अभिभावक होते हैं। यदि एक परिवार में 8 व्यक्ति मान लें तो 1600 आदमी को वह प्रभावित कर सकता है । अब महिने और साल को जोड़े तो एक शिक्षक क्या कर सकता है समझा जा सकता है । शिक्षक के अमूल्य संस्कार उसके लिए, उसके परिवार के लिए और समाज के लिए बड़ा मायने रखता है। यह प्रतियोगिता 'मैं सुधरूंगा,जग सुधरेगा' की भावना को साकार करने के लिए है । हमने यही विचार करके इस अवसर पर यह कार्यक्रम रखा है ।

## बांसारूली पंचायत में पहली बार शिक्षक सम्मान समारोह



**मुरी :** बांसारूली पंचायत में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता पंचायत मुखिया लालू राम उरांव ने किया। संचालन दिनेश साहू ने किया। शिक्षक ज्योति प्रसाद साहू, भृगु राम महतो, हरि महतो, बैजनाथ महतो, कृष्ण किशोर सिंह मुंडा, उद्धव मंडल, परशुराम महतो, अशोक कुमार महतो, आलोक कुमार महतो, गणेश मिंज, शुकदेव महतो, ठाकुर दास महतो को समारोह में पुरस्कार से सम्मानित किया। शिक्षक ज्योति प्रसाद साहू ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। विकसित देश आज कोशो हमसे आगे है। डॉ राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति होते हुए उन्होंने ने इच्छा जाहिर की थी कि दुनिया मुझे शिक्षक के रूप में जाने। उनके जन्मदिन 5 सितंबर को ही पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। बारी बारी से अन्य शिक्षको ने अपने विचार रखे। बांसारूली पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा गांव के गण्य मान्य ग्रामीण आए थे। सभी लोगों ने पहली बार पंचायत में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित के मुखिया के प्रयास की सराहना की। आशा किया गया है मुखिया द्वारा और भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम होंगे। जिसमे मुखिया लालू राम उरांव ने बताया कि गांव में ग्रामीणों के लिए लाइब्रेरी और क्लब की व्यवस्था का पहल किया गया है। हिण्डाल्को के सहयोग से महिलाओं के लिए साबुन, अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण का व्यवस्था किया जा रहा है। इस प्रयास में हिण्डाल्को के तरफ से आए भरत सिंह ने महिलाओं को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण की जानकारी से अवगत कराया।

## आरआर स्पोर्टिंग क्लब में नये पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न



### राहुल यादव अध्यक्ष व विक्की यादव बने मुख्य संरक्षक

**रांचीः** आरआर स्पोर्टिंग क्लब में हाल ही में नए पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सभी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। क्लब के संस्थापक कृष्ण यादव मुख्य संरक्षक के मार्गदर्शन में विक्की यादव की देखरेख में क्लब का नेतृत्व किया जाएगा। अध्यक्ष के रूप में राहुल यादव ने पदभार संभाला है, जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी रोहित यादव को दी गई है। क्लब के कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में अभिमन्यु सिंह यादव नियुक्त हुए हैं, और धार्मिक गतिविधियों का प्रभार मुख्य पुजारी संतोष पाठक को सौंपा गया है। अजित कुमार को सचिव, जबकि धर्मेंद्र कुमार को महासचिव के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में बब्लू सिंह और मनोज अग्रवाल, और उपाध्यक्ष के रूप में अभिषेक तिवारी,अमित यादव,साहिल यादव, विकास सिंह, साजन सेठ, दीपक वर्मा, सूरज वर्मा, सचिन चौधरी और श्री राजा चुना गया ।
वरिष्ठ प्रचार मंत्री के पद पर राजू राय और शुभाष राय को नियुक्त किया गया है। क्लब के महामंत्री के रूप में संजीव कुमार, बिट्टू चौधरी, शुभम चौधरी, रवि यादव, उमेश गुप्ता, राजदीप चौरसिया, गौरव,अजय तिवारी और अजीत पाठक ने पदभार संभाला है। मंत्री के रूप में आयुष पाठक और श्री किशन कर्मकार,सौरभ की नियुक्ति हुई है, जबकि प्रचार मंत्री का दायित्व बिट्टू साही को दिया गया है। अंत में, मीडिया प्रभारी के रूप में राजवीर चौधरी को चुना गया है।
इन सभी पदाधिकारियों के साथ, क्लब भविष्य में अपने लक्ष्यों को और भी बेहतर तरीके से पूरा करेगा। उक्त जानकारी आयुष राज वर्मा को प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया

### भाजपा पर सांसद-विधायकों की खरीद फरोख्त का आरोप, सीएम सोरेन बोले

# झारखंड से जल्द बाहर हो जाएगी बीजेपी

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर विधायकों और सांसदों की खरीद-फरोख्त करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा झारखंड से हमेशा के लिए बाहर हो जाएगी।
गुमला और लोहरदगा में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अगर लोग भाजपा को नकार भी देते हैं तो वह विधायकों और सांसदों को अपने पाले में कर लेते हैं। साथ ही सरकार बनाने के लिए विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें जेल में डाल देते हैं। इस दौरान सीएम ने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की 347 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
सोरेन ने कहा कि जैसे मछली पानी के बिना जीवित नहीं रह सकती, वैसे ही हमारी विपक्षी पार्टी भाजपा भी सत्ता के




बिना महसूस करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पिछले दो साल से मेरे और हमारे विधायकों के पीछे पड़ी है। लेकिन हम न तो बिकाऊ हैं और न ही डरे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब झारखंड में भाजपा के स्थानीय नेता विफल हो गए, तो अब छत्तीसगढ़, असम, गुजरात और मध्य प्रदेश से नेताओं को यहां भेजा जा रहा है। जो यहां विभिन्न समुदायों के बीच सांप्रदायिक तनाव फैला रहे है।
सोरेन ने भाजपा पर योजनाओं को लागू करने और उनके क्रियान्वयन में भी बाधा डालने का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे। हम झारखंड से भाजपा को हमेशा के लिए बाहर कर देंगे।
खराब वैक्सीन देने का लगाया था आरोपः हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया था कि कोविड-19 के दौरान दिए गए 'खराब' टीकों के कारण लोगों की अब भी मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि एक विशेष टीके की भारत में अभी भी आपूर्ति की जा रही है, जो दुनियाभर में प्रतिबंधित है और इसे लोगों को दिया जा रहा है। राज्य में आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान के दौरान 12 लोगों की मौत के बाद सोरेन यह टिप्पणी की थी। सरकार ने भर्ती पर तीन दिन के लिए रोक लगा दी थी।
मुख्यमंत्री ने कहा था कि भर्ती अभियान के दौरान दुर्भाग्य से कुछ अभ्यर्थियों की मौत हो गई। ये मौतें केवल दौड़ने के कारण नहीं हो रही हैं, बल्कि लोग चलने के दौरान भी मर रहे हैं। यह सभी को पता है कि कोरोना महामारी के दौरान भाजपा सरकार की ओर दिए गए टीके खराब थे और इसका वैश्विक स्तर पर प्रभाव पड़ा था।

# प्रेम-प्रसंग मामले की पंचायती में दो पक्षों में टकराव, तनाव

### पूर्वी टुंडी के चेपकिया गांव का मामला, पुलिस कर रही है कैंप

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबादः** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के उकमा पंचायत अंतर्गत चेपकिया गांव में गुरुवार रात प्रेम-प्रसंग मामले को लेकर पंचायती के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। गांव के प्रबुद्धजनों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। बताया जाता है कि चेपकिया गांव से एक सप्ताह पूर्व प्रेमी युगल फरार हो गये थे। प्रेमी और प्रेमिका अंतरजातीय होने के कारण दोनों के परिजन नाराज थे। युवती के परिजनों ने युवक पर लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाना में शिकायत की है। युवती पोस्ट ग्रेजुएट है जबकि युवक मध्य विद्यालय तक पढ़ा है और वह हिमाचल प्रदेश में किसी कंपनी में काम करता है। हालांकि दोनों बालिग होने के कारण तीन दिन पूर्व प्रेम विवाह कर महिला थाना में सरेंडर कर दिया। सूचना मिलने पर युवती के परिजन महिला थाना पहुंचे। वे लोग युवती घर ले जाना चाह रहे थे लेकिन प्रेमी युगल घर नहीं लौटना चाहते थे। इसके बाद युवक युवती को लेकर हिमाचल प्रदेश चला गया। इधर इस घटना के बाद गांव में तनाव उत्पन्न हो गया। मामले को लेकर गुरुवार की शाम युवक के पिता गौतम चंद्रा ने गांव में पंचायती बुलायी। पंचायती के दौरान गौतम चंद्रा के भांजे ने फोन किया और जानकारी ली। साथ ही लड़की पक्ष के बारे में गाली गलौज करने लगा, जिसे भरी पंचायती में सभी ने सुन लिया। इससे लड़की पक्ष आक्रोशित हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में नोकझोंक के बाद मारपीट शुरू हो गयी। वहां मौजूद प्रबुद्धजनों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है।
गश्ती दल को भेजा गया है : थानेदार
इस संबंध में पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी मदन चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर गश्ती दल को गांव भेजा गया है। प्रेमी और प्रेमिका का घर आमने-सामने है। इसलिए घटना के बाद दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है।

# पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं: जितेन्द्र सिंह पटेल

मेट्रो रेज संवाददाता

**मुरी :** सिल्ली द विलेज रिसॉट एवं बैंक्वेट हॉल में भाजपाइयों का संगठन एवं चुनावी बिषय पर बैठक आयोजित की गई। जिला से आए पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि कोई छुटे नहीं, कोई टूटे नहीं और ना ही कोई रूठे। पर पार्टी सर्वोपरि है। पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो पार्टी और संगठन को नहीं मानता है वो भाजपा का कार्यकर्ता नहीं हो सकता है। वहीं सिल्ली विस प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि बूथ जीतो चुनाव जीतो के मंत्र पर हर बूथ में जाना है। समाज के हर तबके की भागीदारी सुनिश्चित करना है। सबको जोड़ना है। ऐसा भाजपा में ही संभव है। जिसमे चाय वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है। हमारे यहां परिवार वाद के लिए कोई जगह नहीं है। सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक की अध्यक्षता में विशेष कार्य समिति बैठक में मंडल के पदाधिकारी सभी बूथ अध्यक्षों, संयोजक सह संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी सभी बूथ का सत्यापन किया गया और 8 और 9 सितंबर को सभी बूथ में बैठक कर बूथ समिति प्रखंड प्रमुख को दुरुस्त कर आगामी विधानसभा चुनाव अधिक से अधिक बूथ में कैसे जीत सुनिश्चित



किया जाए । इस पर विशेष विचार विमर्श किया गया। मंच पर मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष रधुवीर महतो, सीनियर कार्यकर्ता हरिहर महतो, परशुराम महतो, उपाध्यक्ष सृष्टि धर महतो, कर्ण महतो,दीनु चौधरी, प्रताप कुशवाहा, चन्दन गोस्वामी नीतीश महतो थे। काफी संख्या में महिलाएं भी बैठक का हिस्सा बनी। जिनमें मेनका देवी,चायना देवी,गयनी देवी, बसंती देवी, अनिता देवी, संगीता देवी, मंजु देवी,वरनती देवी थी। इसके अलावा विधा लोहार, लखींद्र करमाली, हरिराम लोहार, राजेश, गुणोचर, काशीनाथ,निताई, जनार्दन, मोहित, अनिल, रमेश,साधु, वरूण सीता राम कुम्हार, शिबू, सुरेन्द्र, विशाल,गुहा, विजेन्द्र, लक्ष्मी समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 57वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव प्रारंभ

**रांचीः** श्री श्याम मण्डल , रांची का 57वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव वृहस्पतिवार को गौ पूजन एवं गौ सेवा के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुआ । प्रातः 8 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में भव्य आरती हुई जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे , आरती के पश्चात श्री श्याम मण्डल के लगभग 50 सदस्यों की टोली ने श्री श्याम प्रभु का जयकार करते हुए सुकुरहुटू गौ शाला के लिए प्रस्थान कर गौशाला में पूर्ण विधि विधान से गौ माता का पूजन वन्दन किया। तत्पश्चात गौशाला में स्थित सभी गौ माताओं को बड़े ही श्रद्धा भाव से गुड़, चोकर , रोटी , हरी सब्जी एवम दलिया खिलाया । इस अवसर पर गौमाता का पूर्ण प्रांगण श्री श्याम प्रभु एवम गौमाता के जयकारों से गूंज रहा था साथ ही गौ सेवा के पश्चात रोली चावल से गौमाता का तिलक कर 57 वें श्री श्याम मोहत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया गया साथ ही गौशाला परिसर में श्री श्याम मण्डल , रांची के सदस्यों ने 50 फलदार पौधे लगाए।

# सीसीएल में पौधरोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन




मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में तीन विभिन्न कार्यक्रम सीसीएल मुख्यालय सहित क्षेत्रों में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अभियान का थीम ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए है और यह अभियान 16 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है। सीसीएल के बरका सयाल क्षेत्र एवं मगध-संघमित्रा क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बरका सयाल क्षेत्र में शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक, अजय सिंह द्वारा किया गया। रक्त इकाइयों का संग्रह सीसीएल गांधी नगर अस्पताल के हेमाटोलॉजी विभाग की मेडिकल टीम द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ। रत्नेश जैन, डॉ श्रिमोई मुखर्जी, डॉ। रंजीत कृष्ण सिंह, और डॉ। मोहन मंडल शामिल थे। बरका सयाल क्षेत्र की चिकित्सा टीम, जिसका नेतृत्व क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ। अनुप कुमार टोप्पो ने किया। जिसमें डॉ। नदीम अनवर, डॉ। आफताब, और डॉ। रिया शामिल थे, ने महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान किया। सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बरका सयाल क्षेत्र के विभिन्न वर्गों से आने वाले, सामान्य जनता द्वारा रक्तदान किया गया। दाताओं को उनके योगदान अजय सिंह और सीएमएस डॉ। रत्नेश जैन द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस शिविर में एकत्रित 20 यूनिट रक्त सीसीएल के गांधी नगर अस्पताल के रक्त बैंक में संचित किया गया और जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोग किया जाएगा।

## भाजपा की बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की बैठक में हंगामा



**सिल्ली :** सिल्ली के सुलूमजुड़ी स्थित वेंकटश हॉल में आयोजित भाजपा बूथ ल ा े व ल ा कार्यकर्ताओं की बैठक में आपसी विरोध के कारण जमकर हंगामा देखने को मिला । यह हंगामा तब हुआ जब कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने के लिए सिल्ली विधान सभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल वहां पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और मंडल अध्यक्ष सिल्ली अम्बुज रजक का चयन को अवैध बताते हुए जमकर विरोध जताया । प्रभारी द्वारा बार बार समझाने के बावजूद कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ, प्रभारी ने कहा आपलोगों को पार्टी में रहना है रहे पार्टी को कोई फर्क नही पड़ेगा। इसे नाराज विरोध जताने वाले कार्यकर्ता बैठक का बहिष्कार करते हुए वहां से निकल गये। विरोध जताने वालों में कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बड़ाईक युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित महिला मोर्चा अध्यक्ष मधुबाला सोमनाथ गोस्वामी के अलावे केंद्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक के 38 सदस्य एवं 50 से अधिक बूथ अध्यक्ष शामिल थे। इधर नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षअंबुज रजक ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी सोंपी उसे बखूबी निभाऊंगा कुछ अंदरुनी बातें हैं जो समय पर खुलासा किया जायेगा। फिलहाल पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक बूथों में कैसे जीत सुनिश्चित करें इसको लेकर बैठक किया गया।

# हाथी ने एक युवक को कुचल कर मार डाला, गांव में पसरा मातम

मेट्रो रेज संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले में हाथियों के झुंड ने एक युवक को सूंड से उठाकर पटका और फिर कुचलकर मार डाला। युवक की मौत के बाद से गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक तीन दिन पहले उतर प्रदेश के शामली से ससुराल आया था। शनिवार (7 सितंबर) को पत्नी और बच्चों को लेकर उत्तर प्रदेश जाने वाला था।
युवक की मौत के बाद गांव में पसरा मातमः पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना गुरुवार देर रात की है। युवक की मौत के बाद से ग्रामीणों मे वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। कुडू प्रखंड में 4 माह में यह दूसरा मामला है, जब हाथियों के झुंड ने इंसान को मार डाला।
उत्तर प्रदेश के शामली से ससुराल आया था शौकीनः उत्तर प्रदेश के शामली जिले के इस्सीपुर थाना क्षेत्र के खुरगान गांव निवासी आलमदीन के पुत्र शौकीन (45) 3 दिन पहले कुडू के ब्लॉक मैदान निवासी मो गंभीर के यहां अपनी ससुराल



आया था। शनिवार को पत्नी शबनम खातून और 3 बेटों दानिश, साहिल और साद के साथ-साथ अपनी पुत्री रुखसार को लेकर वापस अपने गांव खुगरान जाने वाला था।
कुंदों जंगल से जोभीटांड आया था हाथियों का झुंडः गुरुवार की रात को हाथियों का झुंड कुंदों जंगल से निकलकर जोभीटांड आया था। ग्रामीणों के साथ शौकीन भी रात को करीब 10 बजे घर से निकलकर हाथियों को देखने चला गया। इसी बीच बंडा टोली, टिको, कुंदों तथा अन्य गांवों के लोगों ने हाथियों को खदेड़ना शुरू कर दिया। हाथी अचानक खेतों से निकलकर सामने आ गए।
भागते समय हाथियों के सामने आ गया युवकः जैसे ही हाथी सामने आए, ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच, भागने के क्रम में शौकीन हाथियों के सामने आ गया। गुस्साए गजराज ने शौकीन को पकड़कर जमीन पर पटककर कुचल दिया। हाथियों के आक्रामक रुख को देख ग्रामीणों की हिम्मत जवाब दे गई। उसे बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया।
शौकीन को मारने के बाद कुंदों जंगल लौट गए हाथीः शौकीन की मौत होने के बाद हाथियों का झुंड वापस कुंदों जंगल की तरफ चला गया। इसके बाद ग्रामीण वहां पहुंचे। तब तक काफी देर हो चुकी थी। शौकीन की मौत की सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। पुलिस तथा वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
जिले में हाथियों के झुंड ने कहां किया हमला?
लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के कुंदों जंगल से हाथियों का एक झुंड जोभीटांड पहुंचा था। एक युवक को कुचलने के बाद यह झंड वापस कुंदों जंगल लौट गया।
कुडू में कहां पहुंचा हाथियों का झुंड?
कुडू प्रखंड के जोभीटांड में गुरुवार की रात को हाथियों का झुंड पहुंच गया। भीड़ हाथियों को भगा रहा था। इसी दौरान उत्तर प्रदेश से ससुराल आया एक युवक हाथियों के सामने आ गया। हाथी ने उसे पटकर कुचल दिया। वहीं उसकी मौत हो गई।

राज्यपाल ने सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव का किया उद्घाटन

# निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए की सशस्त्र बलों की प्रशंसा






- मोरहाबादी मैदान में सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव का आयोजन
- अत्याधुनिक सैन्य हथियारों व उपकरणों की प्रदर्शनी
- पूर्वी कमान ने किया प्रदर्शनी का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांची :** पूर्वी कमान ने मोरहाबादी मैदान में तीन दिवसीय (6 से 8 सितंबर) सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव का आयोजन किया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज (शुक्रवार) रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की उपस्थिति में महोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। गंगवार ने सैनिकों को विशेष रूप से युवाओं के लिए साहस और अनुशासन का प्रतीक बताया। रक्षा राज्य मंत्री ने भी सैनिकों और उनके परिवारों द्वारा किये गये बलिदान के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर पूर्वी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी ने राज्यपाल और रक्षा राज्य मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किये। इसके बाद उन्होंने सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का दौरा किया। दोनों ने इस आयोजन में सशस्त्र बलों के उल्लेखनीय प्रयासों को स्वीकार किया, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों और देश के नागरिकों के बीच संबंध और मजबूत हुए।

**अत्याधुनिक सैन्य हथियारों और उपकरणों की लगी है प्रदर्शनीः** मोरहाबादी में आयोजित उद्घाटन समारोह में झारखंड के एनसीसी कैडेट, छात्र और हजारों की संख्या में नागरिक शामिल हुए, यह सशस्त्र बलों के प्रति उनके मजबूत समर्थन को दशार्ता है। प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिक समाज और सशस्त्र बलों के बीच के बंधन को मजबूत करना और राष्ट्र के युवाओं को प्रेरित करना है। सभी आयु वर्ग के उपस्थित लोगों को अत्याधुनिक सैन्य हथियारों और उपकरणों की प्रदर्शनी देखने का मौका मिला, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों की शक्ति और पराक्रम को दशार्या गया है। प्रदर्शनी में नयी पीढ़ी के उन्नत हथियार (सिग सॉयर और एके 203 राइफलें, नेगेव लाइट मशीन गन, इन्फेंट्री मोर्टार, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और लोइटर म्यूनिशन सिस्टम) भी शामिल हैं। लंबी दूरी की आर्टिलरी गन, बोफोर्स और अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर, एंटी एयरक्राफ्ट गन और एयर डिफेंस रडार भी प्रदर्शनी में लगाये गये हैं। दर्शकों को बेहद सक्षम आधुनिक सैन्य वाहनों को देखने का अवसर मिला, जिसमें ऑल टेरेन व्हीकल, हाई मोबिलिटी टोही वाहन, स्पेशलिस्ट मोबिलिटी व्हीकल और रफ टेरेन लॉजिस्टिक व्हीकल शामिल हैं।

## बेखौफ अपराधी : दिनदहाड़े घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से छीना सोने का चेन



मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची में चेन स्नैचर्स का आतंक इस तरह बढ़ गया है कि अब घरों में घुस कर भी महिलाओं से चेन की छीनतई की जा रही है। अपराधी कितने बेखौफ है इसका अंदाजा सीसीटीवी फुटेज को देख कर लगा सकते हैं। शुक्रवार की सुबह रांची के पंडरा इलाके में एक बुजुर्ग महिला से उनके घर में घुस कर अपराधियों ने उनके सोने की चेन छीन ली।

राजधानी में स्नैचरों का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि अब वे घर-दुकान में घुस कर भी महिलाओं और पुरुषों को अपना निशाना बना रहे हैं। पंडरा थाना क्षेत्र में 65 साल की बुजुर्ग महिला मंजू सिंह से उस समय अपराधियों ने सोने की चेन छीन ली जब वे अपने घर के बाउंड्री वाल के अंदर स्थित पशु आहार दुकान में झाड़ू लगा रही थी। मंजू सिंह ने बताया कि दो की संख्या में आए मोटरसाइकिल सवार चैन स्नैचरों में से एक उनके घर के अंदर आया और कैल्शियम की दवा मांग उन्हें अपनी बातों में उलझाया और मौका पाते ही सोने की चेन झपट फरार हो गया। बुजुर्ग महिला मंजू सिंह ने दुकान से बाहर आकर शोर भी मचाया लेकिन तब तक दोनों अपराधी मौके से फरार हो चुके थे।

छिनतई की वारदात की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पंडरा थाने को दी गई। हर बार की तरह पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज निकाल कर अपने साथ ले गई। हाल के दिनों में एक दर्जन से ज्यादा चेन छिनतई की वारदातों को अंजाम दिया गया है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को हासिल हुए हैं,लेकिन किसी की भी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। ऐसे में सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के किसी काम का नहीं है।

बता दें राजधानी रांची में जिस तरह से स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है उसे देखकर यही लगता है कि अपराधी एक दम बेखौफ हो चुके हैं। पहले अपराधी हेलमेट पहन कर स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे लेकिन अब तो वह हेलमेट भी नहीं पहन रहे हैं। उनके चेहरे सीसीटीवी फुटेज में कैद भी हो रहे हैं इसके बावजूद उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है।

छात्र विनय हत्याकांड

## घटना में शामिल व्यक्ति की जानकारी देने वाले को सीबीआई देगी पांच लाख




**रांची :** राजधानी रांची के सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय महतो हत्याकांड की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने इस घटना में शामिल व्यक्ति की जानकारी देने वाले को इनाम देने की घोषणा की है। सीबीआई ने कहा है कि जो हत्या में शामिल व्यक्ति के बारे में जानकारी देगा, उसे पांच लाख का इनाम दिया जायेगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। सीबीआई ने 9958756905 पर जानकारी देने को कहा है।

**हाईकोर्ट में दायर की थी क्रिमिनल रिट याचिकाः** छात्र विनय महतो के पिता मनबहाल महतो ने अक्टूबर 2017 में विनय महतो को न्याय दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट गये थे। वहां सुनवाई के बाद हाईकोर्ट में अपील करने का आदेश दिया गया था। आदेश के बाद उन्होंने आठ मार्च 2018 को झारखंड हाइकोर्ट में पुलिस की जांच पर संदेह व्यक्त करते हुए सीबीआई जांच के लिए क्रिमिनल रिट दाखिल की थी। जिसके बाद अदालत ने सात जुलाई 2022 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 20 जुलाई 2022 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी।

**सातवीं का छात्र था विनय महतोः** विनय महतो सफायर इंटरनेशनल स्कूल के सातवीं कक्षा का छात्र था। उसकी हत्या पांच फरवरी 2016 को स्कूल परिसर में ही कर दी गयी थी। पुलिस ने इस मामले में नाजिया हुसैन, उनके पति आरिफ अंसारी, पुत्र व पुत्री सहित अन्य को आरोपी बनाया था। पुलिस ने जांच में पाया था कि विनय महतो का संबंध नाजिया की पुत्री से था। इसे लेकर नाजिया का पुत्र गुस्से में रहता था।

## कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक आज शाम, बनेगी विधासभा चुनाव की रणनीति

**रांचीः** कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक शुक्रवार को राजधानी रांची में होगी। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे। इस बैठक में शामिल होने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और झारखंड कांग्रेस के सह-प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का एवं अन्य नेता रांची पहुंच गए हैं।

**झारखंड कांग्रेस के दोनों सह-प्रभारी रांची पहुंचेः** आज शाम 7 बजे रांची स्थित कांग्रेस कार्यालय में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए झारखंड कांग्रेस के सह-प्रभारी सप्तगिरी शंकर उल्का एवं डॉक्टर वेल प्रसाद शुक्रवार को सुबह हवाई मार्ग से रांची पहुंचे। उनके झारखंड आगमन पर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया।

**झारखंड विधानसभा की रणनीति पर होगी बैठक में चर्चाः** झारखंड कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में तय होगा कि झारखंड में कांग्रेस को किस तरह से विधानसभा का चुनाव लड़ना है। पार्टी के सीनियर लीडर्स की राय ली जाएगी।

**नेताओं ने सह-प्रभारियों का एयरपोर्ट पर किया स्वागत :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मदन मोहन शर्मा, संजय लाल पासवान, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, सतीश पौल मुजनी विनय सिन्हा दीपू, रमा खलखो, अशोक चौधरी, कमल ठाकुर, शकील अख्तर, सुरेश बैठा, बबलू शुक्ल, गौरव सिंह, चंदन बैठा, अरुण साहू के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर केंद्रीय नेताओं का स्वागत किया।

**कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक कब होगी? :** कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक आज शाम 7 बजे होने जा रही है। बैठक झारखंड की राजधानी रांची में होगी। शाम को 7 बजे बैठक बुलाई गई है। राजधानी रांची में आज शाम होने वाली कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव के 2 सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का और डॉक्टर वेल प्रसाद शामिल होंगे। दोनों रांची पहुंच गए हैं।

बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे।

## हरतालिका तीज आज, महिलाओं ने की पति के दीर्घायु होने की कामना



**रांची :** हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज मनाया जाता है। इस बार यह व्रत 6 सितंबर यानी आज रखा गया। सुहागनों ने निर्जला व्रत रख अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त पूजा होती है। उदीयमान तिथि में तृतीया मिलने से दिनभर इसका मान रहेगा। व्रतधारी महिलाएं सुबह से देर शाम तक सुविधानुसार पूजा-अर्चना कर भोले बाबा और माता पार्वती के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगी। घरों में शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना तो की ही जायेगी शहर के विभिन्न मंदिरों में इसका सामूहिक आयोजन किया जायेगा।

**सपनों के राजकुमार की चाह में कुंवारी कन्याएं भी रखती हैं व्रत :** माना जाता है कि नेम-निष्ठा से निर्जला रह कर तीज व्रत धारण करने वाली महिलाओं का सौभाग्य हमेशा बना रहता है। घर -परिवार में खुशहाली और शांति के साथ सुख-समृति का साम्राज्य स्थापित रहता है। इसी भाव से बड़ी संख्या में सुहागिनें इस व्रत को धारण कर भक्ति में रमी रहती हैं। सपनों के राजकुमार की चाह में कुंवारी कन्याएं भी व्रत रखती हैं।

**प्रदोष काल में होती है हरतालिका तीज की पूजाः** ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, तृतीया तिथि का आरंभ 5 सितंबर दोपहर 12:21 बजे से ही हो गया है, जो आज 6 सितंबर को 12:08 तक व्याप्त रहेगा। ऐसी स्थिति में उदयकालिक तृतीया तिथि 6 सितंबर को प्राप्त हो रही है। मान्यता है कि हरतालिका तीज में कथा और पूजन प्रदोष काल में होता है। प्रदोष काल यानी जब दिन और रात मिल रहे हों। प्रदोष काल लगभग 05:45 से 6:45 बजे तक रहेगा। पारण का श्रेष्ठ और शुभ समय उदय कालिक चतुर्थी तिथि यानी 7 सितंबर को प्रातः 5 से 7 बजे तक होगा। इस साल की हरतालिका तीज के दिन रवि योग, शुक्ल योग और ब्रह्म योग है। रवि योग आज सुबह 9:25 बजे से कल सुबह 6:02 बजे तक, शुक्ल योग आज प्रातः काल से सुबह 10:15 बजे तक और ब्रह्म योग सुबह 10:15 बजे से पूर्ण रात्रि तक है।

शिक्षक नियुक्ति मामला

## हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए जेएसएससी अध्यक्ष, रखा अपना पक्ष



**रांचीः** शिक्षक नियुक्ति को लेकर मीना कुमारी और अन्य लोगों की ओर से दाखिल याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट के सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में अदालत द्वारा दिये गये आदेश का अनुपालन करते हुए खरउ के अध्यक्ष कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि व्यापक पैमाने पर रिजल्ट जारी किया गया था। जिसकी वजह से मेरिट लिस्ट जारी करने में ज्यादा समय लग गया। इसके पीछे कोई गलत मंशा नहीं थी। अदालत उनके जवाब से संतुष्ट नजर आया। अब इस मामले में अदालत 26 सितंबर को सुनवाई करेगा। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने बहस की। खरउ की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रिंस कुमार अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। वहीं मीना कुमारी और अन्य की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा।

जेएसएससी की कार्यशैली से अदालत ने जतायी थी नाराजगीः ज्ञात हो कि मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने खरउ की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जतायी थी। अदालत ने जेएसएससी अध्यक्ष पर अवमानना का नोटिस जारी करते हुए कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। अदालत ने जेएसएससी के अध्यक्ष से यह पूछा था कि पिछले आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया और क्यों उन पर अवमानना की कार्रवाई शुरू न की जाये? दरअसल पिछली सुनवाई में अदालत ने जेएसएससी को वर्ष 2016 में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने का आदेश दिया था।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/15/2024-25 E-tender
P.R. No. 334436 Rural Development (24-25)

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/RANCHI/15/2024-25 E-tender जिसका पी0आर0 संख्या–334436 Rural Development (24-25) के ग्रुप संख्या–7 कार्य का नाम – "ओरमांझी प्रखंड के ग्राम झीरी आंगनबाडी केन्द्र से नकवा टोली विघालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य" को निदेशानुसार अपरिहार्य कारणवश् रदद् किया जाता है।

निविदा अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR 334908 (Rural Development)24-25*D

कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांकः 1398 खूँटी, दिनांकः 04.09.2024

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाजार टांड़ के अस्थायी वेडिंग जोन में पूर्व से संचालित फूटपाथ विक्रेता जिन्हें दुकान की आवश्यकता है, वे साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में नगर पंचायत कार्यालय में संपर्क करेंगे।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 334917 Urban Development(24-25)#D

RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI
(Engineering Section) Kutchery, Pin – 834001 e-mail :- support@ranchimunicipal.com

Letter No: 215/Eng (3rd Call) Date:- 05-09-2024

Short Notice Inviting Tender

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Tender Inviting Officer | :- Executive Engineer, RMC, Ranchi |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | :- 09-09-2024 |
| 3. | Last date/Time for receipt of online bids | :- 09-09-2024 to 18-09-2024 Up to 5.00 P.M. |
| 4 | Date/Time of Opening bid | :- 19-10-2024 Up to 12:00 P.M |
| 5. | Helpline number | :- 8825391957, 7470122222 |

| Sl. No. | Ward No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of Bid Document by D.D (Rs.) (non-refundable) (Through online Payment gateway of Jharkhand tenders. gov.in) | Earnest Money (In Rs.) (Through online Payment gateway of Jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 40 | Construction of Drain at Dhurwa Sector-III B-289 Near Wellness Centre under ward No-40 | 65013 | 1180 | 1700 | 30 Days |
| 02 | 48 | Construction of PCC road, Drain and Culvert at Laxmi Pada Rahamt Colony Doranda under ward No-48 | 1785646 | 5900 | 35800 | 90 Days |
| 03 | 05 | Construction of RCC Drain and PCC Road at near Buti More Aadhunik Meat Dukan and Sulabh toilet to Ranchi Mobile Shop under ward No-05 | 2203135 | 5900 | 44100 | 120 Days |
| 04 | 34 | Construction of Drain at Bachai Vidya Nagar from Ramchandra Rai Jee house to Rameshwar Prasad house under ward No-34 | 994003 | 5900 | 20000 | 70 Days |
| 05 | 46 | Construction of PCC Road at Vindhavashni Nagar road No-01-A near LA Garden School under ward No-46 | 1498539 | 5900 | 30000 | 90 Days |
| 06 | 50 | Construction of Road and Drain at Prem Nagar road No-06 from house of Jubair Ahamed to Iskin road via Mahendra Mirdha house under ward No-50 | 1543125 | 5900 | 30900 | 90 Days |

*Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) in to be Paid through online mode as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter No-120, Dated 03.10.2023 and UDHD Gov. Jharkhand Letter No-4847, Dated 11.10.2023
1.अनियंत्रन शाखा अन्तर्गत क्रियान्वित किये जा रहे योजना का कार्य मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के पंजीकृत (Empanelled) श्रमिकों से कराना सुनिश्चित करेंगे।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
Ranchi Municipal Corporation,Ranchi

PR 334926 (Ranchi Municipal Corporation)24-25*D

कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची

देशी मांगुर पालन हेतु पुनः आवेदन आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 06 स्था (वि0) दिनांक 13.06.2024 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" अंतर्गत प्रायोगिक तौर पर निजी क्षेत्र के तालाबों में देशी मांगुर पालन एवं प्रत्यक्षण हेतु मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची को निम्न प्रकार से भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है, जिसके अंतर्गत दिनांक 25.09.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| स्वीकृत कार्य | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य (एकड़ में) | इकाई लागत प्रति एकड़ | अनुदान की राशि प्रति एकड़ | लाभुक का अंशदान प्रति एकड़ | अर्हत्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| निजी क्षेत्र के तालाबों में देशी मांगुर पालन कार्य | 796 | 18.00 | 1,60,000/– रू0 मात्र | अ0जा0/अ0ज0जा0 एवं महिला लाभुकों को अधिकतम 1,28,000/– रू0 मात्र प्रति एकड़ (इकाई लागत का 80%) | अ0जा0/अ0ज0जा0 एवं महिला लाभुकों का अंशदान 32000/– रू0 मात्र प्रति एकड़ (इकाई लागत का 20%) | 25 से 50 डिसमील के सदाबहार तालाब |
| | 101 | 10.00 | | अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अधिकतम 1,12,000/– रू0 मात्र प्रति एकड़ (इकाई लागत का 70%) | अन्य सामान्य वर्ग के लाभुक का अंशदान 48,000/– रू0 मात्र प्रति एकड़ (इकाई लागत का 30%) | |

नोट :– उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक लाभुक अपना आवेदन संबंधित जिले के जिला मत्स्य कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक 25.09.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में निम्न कागजातों के साथ संलग्न कर जमा करेंगे —
* स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा निजी तालाब धारक होने का प्रमाण–पत्र।
* आवेदक के साथ तालाब का जियोटैग फोटोग्राफ।
* अ0जा0/अ0ज0जा0 के आवेदक जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगे।
* मत्स्य पालन प्रशिक्षण का प्रमाण–पत्र यदि हो तो।
* आधार कार्ड की छायाप्रति।
* बैंक पासबुक की छायाप्रति, जिसमें लाभुक का नाम, खाता संख्या एवं IFSC Code स्पष्ट रूप से अंकित हो।
* देशी मांगुर पालन के लिए आवेदन में उनके घर से तालाब की दूरी का जिक्र होना आवश्यक है। जिनका तालाब घर के नजदीक होगा उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
* लाभुक का चयन स्वीकृत्यादेश के आलोक में संबंधित जिला के जिला स्तरीय सुरक्षित तथा निर्धारण समिति के द्वारा किया जाएगा।
* इस योजनान्तर्गत प्राप्त लक्ष्य का 03 प्रतिशत दिव्यांगों को लाभान्वित किया जा सकेगा।

ह0/–
सहायक मत्स्य निदेशक, (अनु0)
मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची

PR 334807 Fish(24-25).D

## सुविचार

**जीवन में एक छोटा सा फैसला भी आपको बहुत ही आगे या पीछे ला सकता है।**

## रेप के खिलाफ पहले से हैं सख्त लॉ

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद से पश्चिम बंगाल में देखे जा रहे असंतोष का कुल हासिल अगर 'अपराजिता' विधेयक का विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित होना है तो इसे निराशाजनक ही कहना होगा। रेप पर नया कानून बनाने की इस पहल को जानकार लगभग एक स्वर में गैरजरूरी बता रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि देश में रेप के खिलाफ कड़े कानून पहले से ही हैं। 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद उभरे अभूतपूर्व जनअसंतोष का एक परिणाम कानूनों में बदलाव के रूप में भी सामने आया था, जिसके तहत रेप के लिए मौत की सजा तक के प्रावधान कर दिए गए थे। उसका काफी प्रचार भी हुआ था। बावजूद इस सबके, रेप के आंकड़ों में तो कमी नहीं ही आई, देश को सिहरा देने वाली कई बड़ी घटनाएं भी अंजाम लेती रहीं। दरअसल, रेपिस्टों के लिए मौत की सजा की मांग जनभावनाओं के तात्कालिक उभार को शांत करने में भले सहायक हो, एक्सपर्ट्स पहले से कहते रहे हैं कि इससे अपराध को काबू करने में खास मदद नहीं मिलती। उलटे यह डर रहता है कि कहीं रेपिस्ट विक्टिम को मार ही न डाले क्योंकि उसे पता होता है कि रेप की सजा भी फांसी हो सकती है, लेकिन हत्या के बाद विक्टिम द्वारा पहचाने जाने की संभावना खत्म हो जाती है। कानून में कड़ी सजा का प्रावधान करना मुश्किल नहीं। असल संघर्ष तब शुरू होता है जब बात अपराध साबित कर अपराधी को सजा दिलाने की बात आती है। यहां न केवल अभियोजन पक्ष को कदम-कदम पर मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं बल्कि विक्टिम के लिए भी इस लंबी लड़ाई में टिके रहना कठिन होता है। यही वजह है कि जिन मामलों में रेप सरवाइवर अपराधियों को पहचान सकती हैं, उनमें भी कन्विक्शन रेट महज 2.6% है। जाहिर है, सरकारों के लिए सबसे जरूरी है रेप के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान कर प्रयासों को उस तरफ मोड़ें। स्ट्रीटलाइट की व्यवस्था करना, वर्कप्लेस को सुरक्षित बनाना, स्कूलों, कॉलेजों में असुरक्षित कोने न रहने देना और सबसे बड़ी बात पुलिस को ज्यादा संवेदनशील बनाना झ्र ये कुछ ऐसे उपाय हैं जिन पर चर्चा होती रही है, मगर व्यवहार में इन पर अमल कम ही दिखता है। ऐसे हालात में कोई राज्य सरकार कड़ा कानून लाने जैसा राजनीतिक स्टंट करती है और सभी पार्टियां विधानसभा में उसके पक्ष में खड़ी नजर आती हैं, यह हमारी मौजूदा राजनीति की सोच और उसके चरित्र पर एक सख्त टिप्पणी है।

## गहराई से पड़ताल की जरूरत

**झारखंड** में एक्साइज कॉन्स्टेबलों की भर्ती के लिए फिटनेस टेस्ट के दौरान हुई 12 युवकों की मौत न सिर्फ दुखद बल्कि चिंताजनक भी है। भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है, लेकिन यह काफी नहीं। इस गंभीर घटना के पीछे काम कर रहे सभी संभावित वजहों की गहराई से पड़ताल करने की जरूरत है। फिटनेस टेस्ट के दौरान हुई इन मौतों ने पूरे देश को हैरान कर दिया। हालांकि इस तरह की भर्तियों में फिटनेस टेस्ट के दौरान प्रतिभागियों के बेहोश होने या इक्का-दुक्का मामलों में मौत की भी खबरें आती रही हैं, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर पहली बार ऐसी घटना हुई है। मृतकों की संख्या तो ज्यादा है ही, अलग-अलग केंद्रों पर करीब 400 प्रतिभागी बेहोश हो गए। ये सभी 25 साल के आसपास के युवा हैं। किसी भी रूप में इसे सामान्य घटना के तौर पर नहीं देखा जा सकता। इसकी संभावित वजहों को लेकर विशेषज्ञों की कोई एक राय सामने नहीं आ रही। लेकिन धूप, मौसम, तनाव, पहले से किसी तरह की बीमारी आदि जितने भी संभावित कारण बताए जा रहे हैं, उनमें कोई नई बात नहीं है। ऐसी तमाम भर्तियों में कमोबेश उन सभी वजहों की भूमिका होती ही है। लेकिन हर बार इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की तबीयत नहीं बिगड़ती। जाहिर है, इस नजरिये से पूरे मामले की जांच करनी चाहिए। कोविड महामारी के रूप में एक नई वजह इस बार जरूर मौजूद है, जिस पर चर्चा भी हो रही है। इस बीच हमारे आसपास पूरी तरह स्वस्थ दिखने वाले यंग लोगों की अचानक मौत की घटनाएं भी इस संदेह को बढ़ाती हैं कि कोविड ने हममें से ज्यादातर के शरीर को अंदर से कुछ इस तरह कमजोर कर दिया है कि हम उससे पहले जैसी ऊर्जा की उम्मीद नहीं कर सकते। मगर इस तरह के निष्कर्ष संदेहों और अनुमानों के आधार पर नहीं निकाले जा सकते। झारखंड सरकार ने इस मामले में समीक्षा और पुनर्विचार की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। फिजिकल टेस्ट के मानकों में बदलाव पर भी विचार किया जा रहा है। ध्यान रहे, आसपास के राज्यों में भी पुलिस, अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट के मानक अलग-अलग हैं। लेकिन मौजूदा हालात में इस मसले को राष्ट्रीय संदर्भ में देखने की जरूरत है। अगर कोविड से इसका कोई संबंध हुआ तो जाहिर है उसके निहितार्थ भी पूरे देश में होंगे। ऐसे में जरूरी है कि अन्य किसी राज्य में इस तरह की घटना की आशंका न बचे, इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहल की जानी चाहिए।

# जनकल्याण में जुटी मोदी सरकार

> मोदी सरकार ने महिलाओं को मिट्टी के चूल्हें से आंखें खराब होने से बचाने के लिए 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को निशुल्क एलपीजी सिलेण्डर और चूल्हे वितरित किए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से सरकार महिला सषक्तीकरण को बढ़ावा देना है ।उत्तर प्रदेष के बलिया से 1 मई, 2016 को इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा हो जाती है। अगस्त में कैबिनेट की मीटिंग में 75 लाख लाभार्थियों को और जोड़ने की मंजूरी दी गई। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 450 रुपए की सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी है। इस योजना का लाभ बिना किसी धर्म और जाति के साथ भेदभाव के बिना गरीब को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**डॉ. लोकेश कुमार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के कार्य में जुटी है। मोदी सरकार गरीब को भोजन, आवास, रसोई गैस, स्वास्थ्य, किसानों को आत्मसम्मान, लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को अपना रोजगार चलाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवा रही है। देश की आजादी के बाद कई दशकों से गरीब का घर अंधेरा में था, आज उसमें खुशियों के चिराग जल रहे हैं। यह सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार के उद्देश्य को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ रात-दिन एक करके देश के गरीब वंचित लोगों के सहयोग में जुटी हुई है। इन योजनाओं का लाभ शहरी नहीं बल्कि दूर दराज में बैठे ग्रामीण भी उठा रहे हैं। क्योंकि सरकार बैंकों के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में पैसा पहुंचा रही है। इस लाभ के बीच में किसी का दखल नहीं है, ना कोई बिचौलिया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि ह्यह्य मैं केन्द्र से एक रुपया भेजता हूं, वह आप तक 10 पैसे ही पहुंच पाता है।ह्यह्य मोदी सरकार ने इस प्रकार के भ्रष्टाचार पर लगाम लगा दी है। प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान एक ऐसा अभियान है, जिसने अपने सांगठनिक ढांचे को सम्पूर्ण भारत में मजबूत कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। यह योजनाएं गरीब के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति के नाम जमीन होनी चाहिए। इस योजना का मकसद उन किसान परिवारों की आय बढ़ाना है, जिनके पास खेती योग्य जमीन है। उसकी भूमि दो एकड़ से अधिक नहीं होनी चाहिए, दो एकड़ से अधिक भूमि वाला किसान योजना से वंचित रहेगा। यह योजना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से 24 फरवरी, 2019 से प्रारंभ हुई। अभी हाल ही में 18, जून 2024 को 17 वीं किश्त जारी कर दी गई। इस योजना में हर चार महीने में दो हजार रुपये वित्तीय लाभ किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड में बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं। एक वर्ष में कुल छह हजार रुपये किसानों को भेजे जाते हैं।इस योजना का 11 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। इससे किसानों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है, भारत का जीडीपी में सुधार आता है।

मोदी सरकार ने महिलाओं को मिट्टी के चूल्हें से आंखें खराब होने से बचाने के लिए 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को निशुल्क एलपीजी सिलेण्डर और चूल्हे वितरित किए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से सरकार महिला सषक्तीकरण को बढ़ावा देना है ।उत्तर प्रदेष के बलिया से 1 मई, 2016 को इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा हो जाती है। अगस्त में कैबिनेट की मीटिंग में 75 लाख लाभार्थियों को और जोड़ने की मंजूरी दी गई। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 450 रुपए की सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी है। इस योजना का लाभ बिना किसी धर्म और जाति के साथ भेदभाव के बिना गरीब को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4.21 करोड़ मकान बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का शुभारंभ 25 जून, 2015 को हुआ। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में निर्णय लिया है कि आवास की जरूरत को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को आवास बनाने में मदद की जाएगी। इस योजना के माध्यम से गरीब और बेघर लोगों को आवास की सुविधा प्रदान कराई जाती है। योजना के तहत ग्रामीण लाभार्थियों को अपना खुद का घर बनवाने के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना से गरीब का घर बनाने का सपना पूरा होता नजर आ रहा है। इससे चार करोड से अधिक परिवारों को सिर पर छत मिली है। उनको भी अपना एक आशियाना बना है।

मोदी सरकार ने खाद्य सुरक्षा कल्याण योजना 26 मार्च, 2020 को भारत में कोविड-19 की महामारी के दौरान प्रारंभ की। इस योजना के माध्यम से 81.35 करोड़ लोगों अर्थात (56.81) आबादी को इसका लाभ मिल रहा है। इसमें एक लाभार्थी पांच किलो गेहूं या पांच किलो चावल, एक किलो दाल निशुल्क खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की ओर से वितरित किया जा रहा है। लेकिन नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है। इस योजना के तहत सभी प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के तहत पहचाने जाने वालों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अनाज उपलब्ध कराकर भारत के सबसे गरीब नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराना है। इस योजना का लक्ष्य कोई गरीब भूखा नहीं सोए। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है।

इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखण्ड के रांची से 23 सितम्बर,2018 को किया। यह योजना आम आदमी को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा देने के लिए शुरू की गई है, जो आज परचम फैला रही है। देश में 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। आज गरीब व्यक्ति को पैसे के अभाव में दम तोड़ने के लिए नहीं छोड़ा गया है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को वर्ष में 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलता है। इस योजना में इलाज सरकारी अस्पताल और निजी अस्पताल में कहीं भी मिल सकता है। यह योजना कैश लेस है। इस योजना में मरीज के भर्ती होने से सात दिन तक की जांचें फ्री होती है,भर्ती के दौरान इलाज और भोजन मुफ्त, डिस्चार्ज होने के 10 दिन बाद तक चेकअप और दवाएं मुफ्त, परिवार के आकार, आयु और लिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं हैं। इस योजना के तहत कैंसर और हृदय रोग सहित 1300 बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जाता है। यह लाभ उन परिवारों को मिलता है जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख से कम हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा, लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को स्वयं का रोजगार चलाने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 8 अप्रेल, 2015 को प्रारंभ की गई। इससे युवा अपना स्वयं का उद्यम चला सके। इसके लिए ऋण पाने के लिए मुद्रा लोन योजना षुरू की। इसमें बैंक से बिना किसी एजेंट या बिचौलिया, आयकर रिटर्न से छुटकारे की सुविधा दी गई। इसमें 5 लाख रुपए तक की क्रेडिट सीमा के लिए ऋण आवेदनों का निपटारा 2 सप्ताह के अंदर किया जाने का प्रावधान किया। इसमें ऋणदाता को बैंको में कोलैटरल या सिक्योरिटी जमा कराने की आवश्यकता नहीं है, नाम मात्र की प्रोसेसिंग फीस और कम ब्याज दरों में ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के लिए विशेष ब्याज दरों पर मुद्रा लोन उपलब्ध है। इस योजना में 10 लाख तक लोन दिया जाता था, उसकी लिमिट बजट 2024-25 में 20 लाख रुपये तक कर दी गई है। यह योजना के तहत 41 करोड़ ऋण खातों को लाभ मिला है। इसमें 68 प्रतिशत महिला उद्यमियां हैं और 51 फीसदी खाते एससी, एसटी और ओबीसी के हैं। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि सरकार लोककल्याणकारी राज्य के विस्तार के माध्यम से जनसरोकारों को अपनी प्राथमिकता में शामिल कर जनता के दर्द और पीड़ा को समाप्त करने की मुहिम में जुटी है। **(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# सामाजिक समरसता से बनेगा सशक्त भारत

> हर समाज में समय के साथ कुछ गिरावट आती है। मूल बात यह है कि क्या समाज अपनी गिरावट के विरूद्ध तनकर खड़ा होता है या नहीं। उसमें आत्मालोचन और आत्मसमीक्षा की प्रवृत्ति है या नहीं। हिंदु समाज इस अर्थ में खास है कि उसने प्रश्नाकुलता को समाज में मान्यता दी है। वह सती प्रथा, बाल विवाह, छूआछूत, जातीय विद्वेष के विरूद्ध खड़ा हुआ और स्त्री शिक्षा, स्त्री को न्याय,मनुष्य की बराबरी के मानकों को स्वीकार करते हुए एक नया भारत बनाने की ओर है।

**प्रो. एस द्विवेदी**

समता, ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं उसके ऋषि कहते हैं- 'सर्वभूतहिते रताः। 'प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर, नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाए जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है।

काल के प्रवाह में विचलन स्वाभाविक है। आज हमें समता, समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को ईश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं- 'मर्नु भवः' यानि मनुष्य बनो। यही बाद बाद में गालिब के मुंह से निकलती है-

**यूं तो मुश्किल है हर काम का आसां होना**
**आदमी को मयस्सर नहीं इंसा होना।**

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। मनुष्य-मनुष्य में भेद को हमने अपराध माना। इसीलिए गुरू घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। इसी बात को गांधी छुआछूत के संदर्भ में कहते हैं- 'अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है।' हिंदू समाज में आई जड़ता को तोड़ने के लिए समय-समय पर सुधारवादी आंदोलन चलते रहे हैं। हिंदु स्वयं एक ऐसा समाज है, जिसने अपने आत्मसुधार के लिए निरंतर यत्न किए हैं। हम सब ऋषियों की संतति हैं यह भाव लेकर काम करते रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, कबीर, नानक, गुरू गोरखनाथ, गुरू घासीदास, संत रविदास से लेकर एक पूरी परंपरा जड़ताओं और कुरीतियों पर प्रहार करते हुए आत्मालोचन के लिए प्रेरित करती रही है। समय के सच को समझना और अपने समय के कठिन सवालों से जूझना हिंदुत्व की प्रकृति रही है। गुलामी के कालखंड में आई कुछ नकारात्मक वृत्तियों को समाप्त करने के लिए राजा राममोहन राय, महात्मा गांधी, बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, पंडित सुंदरलाल शर्मा जैसे अनेक नायक हमारे समाज में समरसता के मंत्रद्दष्टा बनकर आते रहे हैं। कोई भी समाज कुरीतियों से मुक्त नहीं है। हर समाज में समय के साथ कुछ गिरावट आती है। मूल बात यह है कि क्या समाज अपनी गिरावट के विरूद्ध तनकर खड़ा होता है या नहीं। उसमें आत्मालोचन और आत्मसमीक्षा की प्रवृत्ति है या नहीं। हिंदु समाज इस अर्थ में खास है कि उसने प्रश्नाकुलता को समाज में मान्यता दी है। वह सती प्रथा, बाल विवाह, छूआछूत, जातीय विद्वेष के विरूद्ध खड़ा हुआ और स्त्री शिक्षा, स्त्री को न्याय,मनुष्य की बराबरी के मानकों को स्वीकार करते हुए एक नया भारत बनाने की ओर है। समाज में 'जातिद्वेष' मान्यता नहीं है। हम मानते रहे हैं कि जाति का गौरव होना चाहिए किंतु जाति भेद ठीक नहीं। हमारे अनेक ऋषि व्यास, बाल्मीकि, संत रविदास, संत रसखान हमारे श्रद्धास्थान हैं। क्योंकि हमें बताया गया और हमने माना भी कि 'जाति-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई।' हमारी परंपरा के सर्वोच्च नायक भगवान श्रीराम के समरसता इन्हीं गुणों से मयार्दा पुरूषोत्तम बने। अपनी उदार भावनाओं से वे 'शबरी के राम' हैं तो 'बाल्मीकि के भी राम' हैं। वे तुलसी के राम हैं तो कबीर के भी राम हैं। वे हनुमान के ह्दय में हैं तो आहिल्या के भी उद्धारकर्ता हैं। वे निषादराज के परममित्र हैं, तो किंष्किंधानरेश सुग्रीव के भी मित्र हैं। इस परंपरा को समझने वाले ही भारत के मन को समझ सकते हैं। भारतीय समाज को लांछित करने के लिए उस पर सबसे बड़ा आरोप वर्ण व्यवस्था का है। जबकि वर्ण व्यवस्था एक वृत्ति थी, टेंपरामेंट थी। आपके स्वभाव, मन और इच्छा के अनुसार आप उसमें स्थापित होते थे। व्यावसायिक वृत्ति का व्यक्ति वहां क्षत्रिय बना रहने को मजबूर नहीं था, न ही किसी को अंतिम वर्ण में रहने की मजबूरी थी। अब ये चीजें काल बाह्य हैं। वर्ण व्यवस्था समाप्त है। जाति भी आज रूढ़ि बन गयी किंतु एक समय तक यह हमारे व्यवसाय से संबंधित थी। हमारे परिवार से हमें जातिगत संस्कार मिलते थे-जिनसे हम विशेषज्ञता प्राप्त कर 'जाब गारंटी' भी पाते थे। इसमें सामाजिक सुरक्षा थी और इसका सपोर्ट सिस्टम भी था। बढ़ई, लुहार, सोनार, केवट, माली, निषाद, बुनकर ये जातियां भर नहीं है। इनमें एक व्यावसायिक हुनर और दक्षता जुड़ी थी।

# ध्यान से समाधि की ओर तभी चलेंगे, जब द्वंद्वमुक्त होंगे

**योग**

योगसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृतियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम?

हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।

जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते है। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा।

लेकिन अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। ध्यान या एकाग्रता की अवस्था में ही किसी मनचाहे विचार को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। द्वंद्व से भी यहीं आकर मुक्ति संभव है।

## धर्म

### गणपति बप्पा मोरेया



**गणेश चतुर्थी 2024 :** गणेश चतुर्थी का व्रत हर साल भाद्र मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता ह। यह मूल रूप से चौथ व्रत है। लेकिन गणेशजी की पूजा इस दिन होने की वजह से इसे गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। आइए जानते हैं गणेश चतुर्थी का महत्व, मान्यता और इस व्रत से संबधित तमाम जानकारी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### आपकी समस्याओं को त्वरित गति से समाधान किया जा सके : उपायुक्त

दुमका : जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दुमका प्रखंड के बंदरजोरी पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने शिविर में आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत दुमका जिले के सभी प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी अपनी समस्या को सीधा रख सकते हैं, जिसका समाधान त्वरित गति से किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपलोग अपनी-अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से करें, ताकि आपकी समस्याओं को त्वरित गति से समाधान किया जा सके और पात्र लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकें। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल हों और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। राज्य सरकार के द्वारा कई तरह की महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ उठायें। शिविर में अलग-अलग विभाग के स्टॉल लगाये जा रहे हैं, जहां योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। सभी आमजन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करें।

शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं यथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। उपायुक्त द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया। वहीं उपायुक्त ने आमजनों का योजना का लाभ देने के लिए अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त द्वारा लाभुकों के बीच झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। संवर्जन पेशन योजना के तहत लाभुकों के बीच पेंशन की स्वीकृति पत्र वितरण किया गया।

### एसएनसीयू सुदृढ़ीकरण को लेकर बैठक

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल स्थित वेयर हाउज के डीएस कक्ष में गुरुवार को डीएस डॉ रंजन ने एसएनसीयू सुदृढ़ीकरण को लेकर डॉक्टर, इंचार्च व कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान डीएस ने एडवर्स रिपोर्ट को सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने का कि नवजात की सेहत की सुचारू निगरानी करें। ताकि नवजात की मौत रेफर व लामा की दर को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी हाल में कोताही नहीं करें। मौके पर एचएम डॉ यशवंत राव, डॉ फरोग हसन, सीएचओ राजेश, बीडीएम शादाब अनवर व अन्य मौजूद थे।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के वारंटी को गिरफ्तार किया है।जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय में बताया कि कांड संख्या 58/23 के वारंटी पत्ता गंज, सकरी गली निवासी छोटू पासवान उर्फ हीरा पासवान पिता सुबोध पासवान उर्फ बासुदेव पासवान को गिरफ्तार किया गया है। वारंटी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### गांजा के अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश

फोटो नम्बरः0145 हैं ।
कैप्शनःएडीपीओ ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी
साहिबगंजःअनुमंडलीय कार्यालय में गुरुवार को एसडीपीओ कक्ष में अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की। उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव व पर्व-त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगस्ती करने वालों सख्ती से निपटने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, चोरी की घटना में पूर्व में संलिप्त रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने, थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, शराब, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह व अन्य मौजूद थे।

### सार्वजनिक झरना कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति ने की बैठक

**साहिबगंज :** हर वर्ष की भारती इस वर्ष भी झरना कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति की ओर से गुरुवार को दुर्गा पूजा होने को लेकर झरना कॉलोनी पूजा मंडप पर बैठक रखी गई।वहीं बैठक मे अध्यक्ष.विनोद कुमार मंडल.सचिव.पूर्व वार्ड पार्षद प्रेमलाल मंडल उर्फ माल्टा मंडल.की अध्यक्षता में की गई। वहीं बैठक में पूर्व वार्ड पार्षद प्रेमलाल मंडल उर्फ माल्टा मंडल ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णलय लिया गया,एव नहीं कमेटी का विस्तार किया गया।वही बैठक में बाबूलाल मंडल,शिवलाल मंडल. राजू दुबे.विकास सिंह.विनोद मंडल.वीरेंद्र प्रसाद सिंह.अशोक ठाकुर.अमन शाह.एव सैकड़ो पूजा के कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

### विभिन्न स्कूलों में मनाया गया शिक्षक दिवस

**साहिबगंज/मंडरो :** शिक्षक दिवस के अवसर पर मंडरो प्रखंड के अंबाडिहा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कादीरनगर में शिक्षक दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। जिसमें पौधा रोपण , चित्र कला प्रतियोगिता कविता प्रतियोगिता। लाइब्रेरी को स्थापित किया गया।स्कूल के सभी छात्र, पंचायत के उप मुखिया रौशन कुमार, पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो सुअंक मिश्र और हेड मास्टर मोज्जम हुसैन और अन्य शिक्षकगण शामिल हुए।

### डीसी ने किया खनन कार्यालय का निरीक्षण

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त, हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित खनन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवैध खनन पर हो रही कार्यवाही, क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम के लिए की गई कारवाई की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा -निर्देश दिए । वर्तमान में 07 खनन व्यवसाई को अनियमिता पाये जाने पर दिये गई नोटिस के विषय में जानकारी ली गई।मौके पर उपायुक्त ने खनन कार्यालय में संधारित की जाने वाली विभिन्न प्रकार की पंजियों की जांच की एवं खनन स्थित फाईलों को गहन जांच की गई जिसमें कुछ फाईलों में कागजात की कमी पाई गई।

# तीन वर्षों में जो काम किया गया है वह सबों के सामने है : दीपिका

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/ मंडरोः** प्रखंड स्थित टोला गांव के निकट गुरुवार को कृषि मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने शहीद राजबीर सिंह व हरदेव सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से इन्हें शहीद का पूर्ण रूपेण दर्जा दिलाने का हर संभव प्रयास करेगी।ताकि अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में यह भी एक शुभ कार्य जुड़ जाएगा। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा मईया सम्मान योजना सहित चलाई गई। विभिन्न प्रकार की योजना के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया।



कहा कि सभी ग्रामीण आवश्यकता और पात्रता के आधार पर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही। विभिन्न प्रकार की योजनाओं को प्राप्त करें।ताकि आपको परिवार सहित जीवन यापन करने के साथ-साथ अन्य कार्यों को करने में खुशी मिल सके। बताई कि पीछे 15 और20 वर्षों की तुलना में जो पांच वर्षों में जो काम किया गया है। वह अपने आप में एक ऐतिहासिक रूप ले लिया है।खुद ग्रामीण ही कह रहे हैं कि पिछले15और20 वर्षों के अनुपात में वर्तमान पांच वर्ष में विकास का कार्य काफी तेजी और सुचारू रूप से हुआ है।कहा कि कोरोना महामारी की वजह से दो वर्ष कुछ व्यवधान भी आया इसके बावजूद भी तीन वर्षों में जो काम किया गया है वह सबों के सामने है। बताई कि और भी जो कुछ समस्याएं या काम बच गया है उसे भी जल्द पूरा किया जाएगा।कहा कि जिन भी ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह सीधे मिलकर या टेलीफोन के माध्यम से भी बात करते हुए जानकारी दे सकते हैं। निश्चित रूप से हर प्रकार की समस्याओं का समाधान अविलंब किया जाएगा।प्रखंड के साक्षरता कर्मियों,प्रेरक और तेजस्विनी कर्मियों ने अपनी मांगों से संबंधित आवेदन सौंपा। जिस पर की मंत्री ने कहा कि सरकार के सामने बातों को रखी जाएगी ताकि पुनःइस योजनाओं को चलाई जा सके।मंत्री सह विधायक दीपिका पांडे सिंह रूंजी गांव भी गई।वहां उत्पाद सिपाही की दौड़ में शामिल होने के बाद मृत प्रदीप कुमार साह के घर पर जाकर उसके परिजनों से मिली।उसे सांत्वना दिया और हर संभव सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। बताई कि राज्य सरकार के सामने इस घटना के बारे में रखी जाएगी ताकि मृतक के स्वजनों को सहयोग मिल सके।इस अवसर पर डॉक्टर कृष्णदेव प्रसाद सिंह,ज्योतिष प्रसाद सिंह,डॉक्टर कृष्णदेव भगत,प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुभाष मंडल,अजमल अंसारी, त्रिभुवन यादव सहित प्रखंड क्षेत्र के महा गठबंधन दल के दर्जनों कार्यकर्ता,मेहरमा महागामा प्रखंड क्षेत्र के भी कई कार्यकर्ता एवं माल मंडरो के खेतौरि जाति के भी दर्जनों बाुजुर्ग,शिक्षाविद,किसान, मजदूर,महिला,छात्रा आदि शामिल थे।

## बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है नकली खाद

### कई घरों में नकली खाद भंडारण कर छिपा कर रखा जाता है

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड क्षेत्र में नकली खाद अवैध कारोबार जोरो पर है। बाजार में खुलेआम नकली खाद धड़ल्ले से बेचे जा रहे है। किसानों को औने पौने दामों में नकली खाद बेचे जा रहे है। सस्ते दामों में खाद मिलने पर किसान तेजी से खरीददारी भी करते है। नकली खाद बनाने के तार अन्य राज्यों से जुड़े हुए है।सूत्रों के मुताबिक मंडरो, हरीणकौल, भगैया, इसके सटे जिला गोड्डा ठाकुरगंगटी,परासी रूजीं, मानिकपुर, रेशम नगर भगैया, कई खाद बिक्रेता इस अवैध कारोबार में शामिल है।



धान की खेती करने वाले किसान बाजारो में खाद की खरीददारी करते है. ऐसे में नकली खाद की बिक्री कारोबारियों के लिए आसान हो जाता है। सूत्र बताते है। कि नकली खाद बनाकर बाजार में बेचने के लिए बोरी में तैयार करना पड़ता है।माफिया खाद की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तश्वीर वाली बोंरी को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से लाया जाता है।जो असली खाद की बोरिंयों से हूबहू मिलता जुलता है।असली और नकली की पहचान करना काफी मुश्किल है।सूत्रों के मुताबिक नकली खाद बनाने में नमक की मात्रा काफी मात्रा में मिलाया जाता है। इसके साथ ही कई हानिकारक पदार्थ का मिश्रण किया जाता है।बताते चलें कि किसान अपने खेतों में फसल की अच्छी उपज के लिए उर्वरक आदि डालते है।लेकिन बाजार में नकली खाद मिलने से फसल का काफी नुकसान पहुंचता है। एक्सपर्ट की माने तो ऐसे खाद से भूमि बंजर हो जाता है। बोरियो में तैयार नकली खाद झारखंड बिहार तक पहुँचता है। किसानों से सरकारी रेंट लगभग 264 है। लेकिन मंडरो क्षेत्र में किसानों से एक बोरा का दाम 370 रुपए लिया जारहा है।बोरीयो में नकली खाद बनाने का हुआ था खुलासा बीते वर्ष साहेबगंज जिला के बोरीयो थाना क्षेत्र में 23 दिसंबर को बोरियो में नकली खाद का बनाने का खुलासा हुआ था।

इस संबंध में पुछे जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि मंडरो में नकली खाद बन रहा है व बेचा जा रहा है। इसकी सूचना नही है. सूचना मिलने पर छापेमारी की जाएगी. किसानों के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नही जाएगा. वही उन्होंने नकली रिपोर्ट के मामले में कहा कि रिपोर्ट बनाने का काम प्रयोगशाला का होता है।हमारा काम सैंपल लेकर प्रयोगशाला को भेजने का है।विभागीय सुत्र बताते हैं। प्रयोगशाला में जांच के लिए जो खाद्य भेजा जाता है। वह असली खाद्य होता है। जिसका रिपोर्ट सही आता है।

### स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में मना शिक्षक दिवस

**दुमकाः** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी और शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में कई बातें कहीं और आभार जताया। नृत्य, संगीत और भाषण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ.बिनय कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखते हुए उन्होंने समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का वादा किया। वहीं विभाग के शिक्षक डॉ.अजय शुक्ला ने स्वरचित प्रेम भरी कविता सुनाकर विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभाग के शिक्षक डॉ. राजेश प्रसाद ने शिक्षक के लिए विद्यार्थियों के महत्व और जीवन की सफलता और असफलता दोनों को संभालने की ताकत देने वाले शिक्षकों के बारे में बात की। इसके बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### उप विकास आयुक्त ने किया मुख बधिर आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

दुमका। जिले के उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को राजकीय मूक बधिर आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लास रूम, छात्रावास और मेस का जायजा लिया। संबंधित अधिकारी को सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि बच्चों के खेलने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। बच्चों को मिलने वाले भोजन में भी किसी प्रकार की कमी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में शिक्षकों की कमी है,जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्कूल के बच्चों से बात की, जिससे वे कई समस्याओं से अवगत हुए। इस समस्याओं को निर्धारित समय सीमा में समाधान करने का निर्देश दिया है। उप विकास आयुक्त के द्वारा विद्यालय का पूरा निरीक्षण किया गया एवं बच्चों से सांकेतिक भाषा मे खाने पीने से संबंधीत एवं पढ़ाई लिखाई के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर उपस्थित बच्चों ने उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

## झारखंड राज्य में हो रहे युवाओं के भविष्य के साथ अत्याचारः चतुरानंद

**साहिबगंजः**आजसू युवा मोर्चा द्वारा आयोजित नव निर्माण संकल्प सभा में भाग लेने के लिए 8 सितंबर 2024 को हजारों की संख्या में आजसू के कार्यकर्ता रांची रवाना होंगे।ये बाते साहिबगंज आजसू जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा।उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में हो रहे युवाओं के भविष्य के साथ अत्याचार बेरोजगारी के विरोध में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता वादा खिलाफ के विरोध में पार्टी नव निर्माण संकल्प सभा का आयोजन किया गया है।सभा के माध्यम से झारखंड में सभी जिलों में आजसू पाती द्वारा डाटा कलेक्शन का काम किया गया उस डाटा कलेक्शन को मुख्यमंत्री को सौपा जाएगा।ताकि मुख्यमंत्री को पता चले की राज्य में कितने बेरोजगार युवा अपने सुनहरे भविष्य की तलाश



में दर दर भटक रहे हैं।श्री पांडेय ने कहा कि इस राज्य में किस तरह से रोजगार के नाम पर तेरह युवा साथियों की जान चली गई और सरकार बहरी गूंगी बनी हुई है इसके विरोध में यह सभा में युवाओं द्वारा सरकार को चेतावनी देने का काम किया जाएगा।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे, रामप्रवेश यादव,गोविंद पासवान, रामकृष्ण शर्मा,युवा मोर्चा के जिला संयोजक विकास शाह उपस्थित रहे।

## संगठन मजबूती व विस्तारीकरण को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवाः** बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आरबी पैलेस बरहरवा में भाजयुमों मंडल परिचयात्मक बैठक मंडल महामंत्री अमित भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमों जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल शामिल हुए। इस निमित्त बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की रणनीति को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष श्री मंडल ने कहा जल्द ही जिला अंतर्गत सभी मंडलों का विस्तार कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।उन्होंने कहा आज शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक आरबी पैलेस बरहरवा में 10 बजे से आहुत की गई हैं। उन्होंने भाजपा के सभी मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में उक्त



बैठक में उपस्थित होने की बात कहा है। मौके पर भाजयुमो तिन पहाड़ मंडल उपाध्यक्ष चंकी पांडे, दिपक साह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आनंद भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष उत्तम भगत, महामंत्री रविंद्र भगत, संजीत यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थें।

# बिना किसी भय के लोगों की सहायता जरूर करें : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** जिले में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने पिछले बैठक के में दिए गए निर्देशों के अनुपालन एवं कार्रवाई के विषय में विस्तृत जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराने के साथ विगत दिनों में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिये कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य करने के लिये दिशा निर्देश दिया।और एनएच-80 पर साहिबगंज से नजदीक के सभी मुख्य स्थान की दूरी से संबंधित साईनेज गति सीमा से संबंधित साईनेज एवं रोड सेफ्टी से संबंधित उपकरणों को अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया।इस दौरान ईई ने बताया कि जिले के कई स्थानों पर साईनेज का अधिष्ठापन कर



लिया गया है एवं शेष बचे स्थान पर जल्द ही साईनेज लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से शहर के मुख्य स्थानों पर चौराहों पर बेरियर का अधिष्ठापन करने एवं साक्षरता चौक से आईटीआई विद्यालय तक एवं ग्रीन होटल से पटेल चौक तक की सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यकता निर्देश दिए।जबकि दो पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें, एवं जिला में गहन परिवहन चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसे लेकर उन्होंने नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत सभी पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट फ्यूल नहीं देने की अपील की एवं इसे अनिवार्य रूप से लागू करने की भी बात कही। बैठक में सड़क हादसों के पश्चात उनकी सहायता के लिये आगे आने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने की भी बात कही। लोगों में ऐसा भय है कि जो सड़क दुर्घटना में दूसरों की सहायता के लिये आगे नहीं आयेगा उन्हें कानूनी रूप से फंसने का भय होता है।लेकिन ऐसी बात नहीं है ।ऐसे लोगों को किसी भी कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वे बिना किसी भय के लोगों की सहायता जरूर करें।

उन्होंने विभिन्न विद्यालयों एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाते हुये लोगों को यातायात नियमों की संपूर्ण जानकारी देने एवं उन्हें इन नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करने के लिये प्रेरित करने की बात कही।मौके पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरव प्रकाश, उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार, एवं अन्य उपस्थित रहे।




# आलिया भट्ट ने 'जिगरा' का फर्स्ट लुक पोस्टर किया शेयर

'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के एक साल बाद आलिया भट्ट नई बॉलीवुड फिल्म 'जिगरा' में नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है, जिसे देखकर लग रहा है कि इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन होने वाला है। पोस्टर में आलिया के दाहिने हाथ में हथौड़ा और दूसरे हाथ में हथियार है। इस पोस्टर में आलिया एक पलटी हुई कार पर खड़ी हैं। उनकी पीठ पर एक बैग है और उनके आसपास आग के सामने अभिनेता वेदांग रैना नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को पोस्ट करते हुए आलिया ने लिखा, ₹तू मेरे प्रोटेक्शन में है।₹ इसका मतलब है कि मैं आपकी रक्षा कर रही हूं और आप सुरक्षित हैं, इस पोस्टर से लग रहा है कि ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर होगी।
फिल्म 'जिगरा' का पोस्टर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने के कुछ ही घंटों बाद आलिया ने इसी फिल्म का एक और पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस पोस्टर में आलिया अकेली नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर बेहद गंभीर भाव हैं। इसमें आलिया को हाथ में हथौड़ा, उसके पीछे एक चेन लिंक बाड़ और उसके चारों ओर जलती हुई आग भी दिखाई देती है। पोस्टर देखकर लग रहा है कि वेदांग रैना उनके भाई का किरदार निभाएंगे। दूसरे पोस्टर में आलिया कहती हैं कि भावा के पास समय कम है और कहानी बड़ी है, जबकि पहले पोस्टर में लिखा है, "मैं तुम्हारी रक्षा करूंगी, तुम मेरे साथ सुरक्षित हो।"
इन दोनों पोस्टर्स से लग रहा है कि फिल्म में जबरदस्त एक्शन होने वाला है और आलिया भट्ट अपने प्यारे भाई की रक्षा करने जा रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन वासन बाला करेंगे और आलिया ने करण जौहर के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। यह फिल्म 11 अक्टूबर को स्क्रीन पर आएगी।
एक्ट्रेस आलिया भट्ट का बॉलीवुड सफर 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से शुरू हुआ था। बाद में उन्होंने 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'कपूर एंड संस' और 'बद्री की दुल्हनिया' में ग्लैमरस भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने फिल्म 'हाईवे', 'राजी' में अपना दमदार अभिनय दिखाया। बाद में जब फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' से बॉलीवुड के बहिष्कार का चलन शुरू हुआ, तब भी वह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लाईं। 'गंगूबाई' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। आलिया ने दिखा दिया है कि एक एक्ट्रेस भी दर्शकों को सिनेमा हॉल तक ला सकती है। बेटी राहा के जन्म के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए फिल्मों से ब्रेक ले लिया। इसलिए उनकी फिल्में बीच-बीच में आ रही थीं।

# भारत में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले अभिनेता बने शाहरुख खान



हाल ही में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले भारतीय सेलिब्रिटीज की लिस्ट सामने आई है। इस लिस्ट में साल 2024 में भारत में सबसे ज्यादा टैक्स चुकाने वाले कलाकारों के नाम की घोषणा की गई है। इस लिस्ट में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान का नाम सबसे ऊपर है। थलपति विजय दूसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में क्रिकेटर विराट कोहली का भी नाम है। इन सेलिब्रिटीज ने खुलासा किया है कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024 में कितना टैक्स चुकाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान ने वित्त वर्ष 2024 में 92 करोड़ रुपये का टैक्स चुकाया है। शाहरुख के बाद इस लिस्ट में साउथ सुपरस्टार थलपति विजय का नाम है। तमिल सुपरस्टार ने 80 करोड़ रुपये का टैक्स चुकाया है। सलमान खान इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं और उन्होंने 75 करोड़ रुपये का टैक्स भरा है।

### बिग बी ने कितना टैक्स भरा?

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन हमेशा चर्चा में रहते हैं। 'कल्कि 2898' में उनके काम को लोगों ने खूब पसंद किया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। अमिताभ ने वित्तीय वर्ष 2024 में 71 करोड़ रुपये का टैक्स चुकाया है। क्रिकेटर विराट कोहली 66 करोड़ रुपये टैक्स चुकाकर इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

हैरानी की बात ये है कि इस लिस्ट में टॉप 10 में सिर्फ विराट कोहली, एमएस धोनी और सचिन तेंदुलकर का नाम है। धोनी ने 38 करोड़ रुपये और सचिन तेंदुलकर ने 28 करोड़ रुपये का टैक्स चुकाया है। अन्य खिलाड़ियों का नाम टैक्स सूची में शीर्ष 20 में है। 'फाइटर' अभिनेता ऋतिक रोशन 28 करोड़ रुपये के टैक्स बिल के साथ सूची में दसवें स्थान पर हैं। इस लिस्ट को देखकर हर कोई हैरान है।

आने वाले सालों में शाहरुख की एक के बाद एक पांच से छह फिल्में कतार में हैं। शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' की शूटिंग चल रही है लेकिन फैंस सलमान खान और शाहरुख खान के एक बार फिर साथ आने का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 'टाइगर वर्सेस पठान' के जरिए दर्शकों का सपना पूरा होने जा रहा है। भारतीय सेना ने सिएरा लियोन को आज़ाद कराने के लिए 2000 में एक अभियान चलाया था। इस अभियान को 'ऑपरेशन खुकरी' नाम दिया गया। इसी के आधार पर फिल्म दर्शकों के सामने आएगी। 'चक दे इंडिया 2', 'पैंथर', 'इजहार' और कुछ अन्य फिल्में आने वाली हैं।

# जी टीवी का नया शो 'वसुधा' 16 सितंबर से होगा शुरू



टेलीविजन पर नौशीन अली सरदार एक दबंग बॉस लेडी चंद्रिका सिंह चौहान के रोल में वापसी कर रही हैं, जबकि प्रिया ठाकुर एक मासूम जज़्बाती और प्यारी वसुधा सोलंकी के रूप में निभाने जा रही हैं अपना पहला लीड रोल। इस दिलचस्प कहानी में दो ऐसी औरतों का बड़ा अनोखा रिश्ता है, जिनकी दुनिया एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। फिर दोनों के रास्ते आपस में टकराते हैं जिससे विचारों, आदतों और सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमियों का भी टकराव होता है। यह भारतीय टेलीविजन की किसी भी कहानी से बिल्कुल अलग है। अरविंद बबल प्रोडक्शंस के निर्माण में बना धारावाहिक वसुधा आगामी 16 सितंबर से ज़ी टीवी पर शुरू होने जा रहा है और इसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार रात 10 बजे होगा।
इस शो में चंद्रिका सिंह चौहान के दमदार रोल में नौशीन अली सरदार एक ऐसी महिला का रोल करेंगी, जिनकी लोग बहुत इज्जत भी करते हैं और जिनसे डरते भी हैं। अपने दम पर अपना वजूद बनाने वालीं उदयपुर की चंद्रिका अपने खुद के बनाए सख्त नियमों के साथ अपने बिज़नेस का साम्राज्य चलाती हैं। दूसरी ओर, प्रिया ठाकुर, वसुधा के किरदार में अपना पहला लीड रोल निभाने जा रही हैं। वसुधा एक मासूम, बेपरवाह लड़की है जो शहरी ज़िंदगी की कठिनाइयों से अनजान है। एक विश्वास करने वाले दिल के साथ वो लोगों की अच्छाइयों में यकीन रखती है। और इसी यकीन के साथ वसुधा चंद्रिका को प्रभावित करने की कोशिश करती है जिससे वो अक्सर मुश्किल में पड़ जाती है। इधर अभिषेक शर्मा, देवांश सिंह चौहान का लीड रोल निभा रहे हैं जो चौहान परिवार का एक आदर्श बेटा है। उसमें अपने मां-बाप की कुछ सबसे अच्छी खूबियां हैं- अपने पिता की नेकदिली और अपनी मां का अनुशासन। वो अपनी मां की बहुत इज़्ज़त करता है।

# ध्वनि भानुशाली का नया गाना 'एक लड़की भीगी भागी सी' हुआ रिलीज़



ध्वनि भानुशाली और आशीम गुलाटी की आगामी फिल्म 'कहां शुरू कहां खत्म' ने अपने ट्रेलर से दर्शकों को काफी प्रभावित किया है। प्रशंसकों ने ध्वनि के अभिनय की सराहना की और आशीम गुलाटी के साथ उनकी नई जोड़ी को भी पसंद किया। इस आकर्षण को बढ़ाते हुए निर्माताओं ने अब फिल्म का पहला गाना 'एक लड़की भीगी भागी सी' रिलीज कर दिया है।
यह गाना किशोर कुमार के प्रसिद्ध गाने 'एक लड़की भीगी भागी सी' का आधुनिक संस्करण है। इसे आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है लेकिन इस संस्करण में मूल गाने की आत्मा बरकरार रखी गई है। 'कहां शुरू कहां खत्म' के 'एक लड़की भीगी भागी सी' को शाश्वत सिंह और आईपी सिंह ने गाया है। इन्होंने इसके संगीत को भी फिर से तैयार किया है। गाने के बोल आईपी सिंह ने तैयार किए हैं, जबकि किशोर कुमार की आवाज़ को गाने के हुक के लिए बरकरार रखा गया है। फिल्म में उद्योग के दिग्गज सुप्रिया पिलगांवकर, राकेश बेदी, सोनाली सचदेव, राजेश शर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, चित्रंजन त्रिपाठी, विक्रम कोचर, हिमांशु कोहली और विकास वर्मा शामिल हैं। लक्ष्मण उतेकरी की 'कहां शुरू कहां खत्म' में ध्वनि भानुशाली और आशीम गुलाटी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को सौरभ दासगुप्ता ने निर्देशित किया है। यह फिल्म 20 सितंबर को थियेटर में रिलीज़ होने वाली है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और कठपुतली क्रिएशंस के प्रोडक्शन में बनी इस युवा संगीत परिवार मनोरंजन फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, लक्ष्मण उतेकरी, करिश्मा शर्मा और कमलेश भानुशाली ने किया है।

# टीम से बढ़कर, एक परिवार है पुरानी दिल्ली 6: ईशांत शर्मा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने दिल्ली प्रीमियर लीग में पुरानी दिल्ली 6 टीम के शानदार प्रदर्शन को लेकर अपनी खुशी व्यक्त की है। फिलहाल सेंट्रल दिल्ली लायंस को हराकर दिल्ली 6 सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। हालांकि ईशांत ने टूर्नामेंट में बॉलिंग तो नहीं की है, लेकिन टीम को एक परिवार की तरह संजोए हुए हैं और लगातार उनका मार्गदर्शन करते चले आ रहे हैं। ईशांत ने कहा, ₹दुर्भाग्यवश मैं प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन जिस तरह से टीम प्रदर्शन कर रही है वह अदभुत है। लड़के जिस तरह खेल रहे हैं और एक दूसरे का साथ निभा रहे हैं, मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा ये टीम नहीं एक परिवार है। साथ ही टीम के मालिक आकाश नांगिया जिस तरह से टीम के हर सदस्य के लिए खड़े रहते हैं और मदद करते हैं वह वास्तव में सराहनीय है।' पुरानी दिल्ली 6 ने लगातार दो गेम जीतकर दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार वापसी की है। लीग के दौरान ऐसा पहली बार था, जब उन्होंने लगातार दो गेम जीते हों।

### सेमीफाइनल के लिए टीम का मनोबल बढ़ाते हुए

**ईशांत ने कहा,** 'ऐसे ही फोकस बनाए रखें और उसी जुनून और एकता के साथ खेलना जारी रखें जो उन्हें यहां तक लाया है।' उन्होंने आगे कहा, ₹मैं अपने इस परिवार को बस यही सलाह दूंगा कि छोटी से छोटी बारीकी पर विशेष ध्यान दो, दिल से खेलो और भूल जाओ की तुम्हारे सामने कौन सा बल्लेबाज या गेंदबाज खड़ा है अगर ऐसा कर पाए तो तुम्हे विजेता बनने से कोई नहीं रोक सकता।'

### पुरानी दिल्ली 6 टीम

ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

# नेशंस लीग: रोनाल्डो के 900वें गोल से पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया

एजेंसी

**लिस्बन :** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 900वें गोल की मदद से पुर्तगाल ने गुरुवार को नेशंस लीग के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 2-1 से जीत हासिल की। डिओगो डालोट ने सातवें मिनट में बेहतरीन गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिला दी। इसके बाद पुर्तगाल के पांच यूरो 2024 खेलों में गोल करने में विफल रहे रोनाल्डो ने नूनो मेंडेस के एक बेहतरीन क्रॉस पर गोल करके 34वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। यह उनके करियार का 900वां गोल था। क्रोएशिया को ब्रेक से चार मिनट पहले गिफ्ट के रूप में एक गोल मिला, जब



डालोट ने सोसा के स्लाइडिंग प्रयास को अपने ही नेट में डिफ्लेक्ट कर दिया, लेकिन स्कोर रहित दूसरे हाफ ने पुर्तगाल को अपने अभियान की विजयी शुरुआत दी। गुरुवार को लीग ए ग्रुप 1 के दूसरे गेम में पोलैंड ने स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया। रविवार को पुर्तगाली टीम स्कॉटलैंड की मेज़बानी करेगी।

# पैरालम्पिक 2024 में मप्र के कपिल परमार ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

**भोपाल :** फ्रांस के पेरिस शहर में 28 अगस्त से 8 सितम्बर तक आयोजित पैरालम्पिक-2024 में गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य जूडो अकादमी के बोर्डिंग स्कीम खिलाड़ी कपिल परमार ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गुरुवार देर शाम 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा में ब्राजील के एलिल्टोन डि ओलिवेरा को एकतरफा 10-0 से हराकर भारत की झोली में 25वां पदक डाला। कपिल ने पहली बार पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया और पैरालंपिक इतिहास में भारत का जूडो में पहला पदक दिलाया है। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कपिल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। कपिल मुख्यतः सीहोर के निवासी हैं। वर्ष 2009-10 में करंट लगने से उनकी आँखों की रोशनी चली गई थी। कपिल 80 प्रतिशत ब्लाइंड हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में जूडो खेलना प्रारंभ किया। कपिल अब तक 17 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 8 स्वर्ण पदक सहित कुल 13 अंतरराष्ट्रीय पदक अर्जित किये हैं।

### विस्तृत परिणाम

पैरालम्पिक गेम के ब्लाइंड जूडो पुरुष व्यक्तिगत 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा में क्वालीफाई मैच न होकर सीधा क्वार्टर फायनल मुकाबला खेला गया।

यह क्वार्टर फायनल मुकाबला गुरुवारको भारत के कपिल परमार और वेनेजुएला के ब्लेंको एम.डी. के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में कपिल परमार ने वेनेजुएला के ब्लेंको एमडी को 10-0 से करारी शिकस्त देकर सेमी-फायनल मुकाबले में प्रवेश किया।



# मनोलो के मुख्य कोच बनने से भारत फीफा रैंकिंग में आगे बढ़ना शुरू कर देगा : ओवेन कोयल

एजेंसी

**कोच्चि :** कई लोग तब हैरान रह गए जब केरला ब्लास्टर्स ने मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक से अलग होने का फैसला किया, जो अपनी टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जितने ही लोकप्रिय थे और जिनके नेतृत्व में क्लब ने लगातार तीन वर्षों तक इंडियन सुपर लीग प्लेऑफ में जगह बनाई थी। नए कोच माइकल स्टाहरे पर बेहतर परिणाम देने का बहुत दबाव होगा। लेकिन स्वीडिश खिलाड़ी ने यह स्पष्ट कर दिया कि काम करने का उनका अपना तरीका है। स्टाहरे ने गुरुवार को कोच्चि में आईएसएल मीडिया डे के दौरान कहा, 'सबसे पहले, मैं पिछले कोच का पूरा सम्मान करता हूं लेकिन पुराना रिश्ता पूर्व पति या पूर्व पत्नी के साथ होने जैसा होता है। जाहिर है, वह एक अच्छे कोच और अच्छे इंसान हैं लेकिन मेरा काम अपने तरीके से प्रशिक्षण देना है। मैं टेबल पर ऊर्जा लाने की कोशिश करता हूं। जब खिलाड़ी प्रशिक्षण के लिए आएंगे तो मुझे ऊर्जा से भरा माहौल भी बनाना होगा।' उन्होंने



कहा कि वह खचाखच भरे स्टेडियम को देखने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, 'थाईलैंड में (क्लब के प्री-सीजन के दौरान), हमारे खेल को देखने के लिए 10 लोग और कुछ कुत्ते मौजूद थे और डूरंड कप में भी बहुत ज़्यादा लोग नहीं थे। इसलिए अब मैं एक बड़े प्रशंसक आधार वाले अच्छे स्टेडियम में खेलने के लिए उत्सुक हूँ।' इस बीच, चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा कि आईएसएल क्लबों का कर्तव्य है कि वे भारतीय फुटबॉल को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा, ₹भारतीय फुटबॉल को बेहतर बनाने की दिशा में हम सभी का कर्तव्य है। हम सभी चाहते हैं कि इंडियन सुपर लीग की खूब चर्चा हो। अब जबकि मेरे अच्छे दोस्त मनोलो मार्केज़ भारतीय टीम के साथ हैं (देश के मुख्य कोच के रूप में), उम्मीद है कि राष्ट्रीय टीम फीफा रैंकिंग में भी आगे बढ़ेगी।'उन्होंने कहा, ₹मुझे नहीं लगता कि यह बहुत दूर की बात है कि हम आठ से 10 साल में फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए काम कर सकते हैं। भारत में इसकी असली संभावना है।'
इस बीच, आईएसएल कप चैंपियन मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच पेट्र क्रेटकी का मानना है कि इस सीजन में लीग पिछले सीजन की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी होगी। क्रेटकी ने कहा, ₹मुझे लगता है कि गोवा, केरल, मोहन बागान, बेंगलुरु और चेन्नई सहित आठ टीमें खिताब की दौड़ में हैं। ये सभी टीमें इस सीजन में अच्छी दिख रही हैं, उनके पास अच्छे कोच और अच्छे खिलाड़ी हैं, इसलिए हमें इसका सम्मान करना चाहिए, लेकिन हम अपनी खूबियों को जानते हैं, इसलिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।' पिछले सीजन में लीग की शीर्ष तीन टीमें बहुत करीब थीं, जिसमें पहले और तीसरे स्थान के बीच सिर्फ़ तीन अंकों का अंतर था। बुधवार को कोलकाता में सात टीमों के मीडिया डे के बाद, आज कोच्चि में छह टीमें मौजूद थीं। लेकिन एफसी गोवा के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ गायब थे। मनोलो के पास बहुत सी ज़िम्मेदारियाँ हैं, क्या इससे आईएसएल में गोवा को परेशानी होगी? गोवा के कप्तान संदेश झिंगन ने कहा, ₹मुझे लगता है कि आपको मनोलो से यह सवाल पूछना चाहिए, वह यह काम कर रहे हैं। वह दोनों कामों को अच्छी तरह से संभाल सकते हैं।'

# उप्र के बाराबंकी में भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत, तीन गंभीर

एजेंसी

**बाराबंकी।** जिले के बड्डूपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। अभी भी कई लोग गंभीर घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा। कुछ को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भारी लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों की तत्परता से मदद कराने में जुटे रहे। यह सड़क हादसा इतना भयानक था कि पुलिस अधीक्षक ने देवा, कुर्सी, फतेहपुर, जहांगीराबाद, सतरिख समेत कई थानों की पुलिस जिला अस्पताल से लेकर घटना स्थल तक लगा दी थी।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया गुरुवार की रात कुर्सी महमूदाबाद रोड पर थाना बड्डूपुर क्षेत्र के लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर दो कारें व एक ऑटो रिक्शा में जोरदार



भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच लोगों के मरने की जानकारी मिली है। बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि उमरा गांव निवासी 58 वर्षीय अजीज अहमद के सीतापुर जिले में महमूदाबाद क्षेत्र के रहने वाले एक रिश्तेदार का बृहस्पतिवार की शाम इंतकाल हो गया था। शाम को अजीज अहमद अपनी पत्नी सायरा बानो, वहिदून निशा, ताहिरा बानो, साबरीन और आठ माह की बच्ची अक्सा के साथ गांव के ही इरफान के आटो से महमूदाबाद के लिए निकले थे। जैसे ही वह इनैतरपुर के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही एक कार ने आटो में जोरदार टक्कर मारते हुए दूसरी ओर से आ रही इमेज कार से टकराती हुई तालाब में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी आटो के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद चीख पुकार सुनकर गांव के लोग इकट्ठे हो गए। उन्होंने हादसे की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल आसपास की सीएचसी भिजवाया। जहां दो लोगों की मौत हो गई थी। वही गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन अन्य लोगों को मृत घोषित कर दिया। घटना में कई अन्य घायलों की हालत गंभीर बनी हुई हैं। क्रेन मंगा कर तालाब से कार निकलवाई गई। देर रात का मामला था दिन होते ही पुलिस तालाब व आस पास घटना वाले स्थान पर देख रही है कि कहीं कोई घायल पड़ा तो नहीं है। फतेहपुर की क्षेत्राधिकारी डॉ बीनू सिंह कई थानों की फोर्स के साथ अभी भी मौके पर मौजूद हैं।

फिलहाल पुलिस ने हादसे में मृत पांच शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए उनकी पहचान के आधार पर परिजनों को सूचना दी। घटना में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# संदीप घोष के घर आज सुबह पहुंची ईडी की टीम, बंद है दरवाजा

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितता की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम आज सुबह साढ़े छह बजे संदीप घोष के बेलघाटा स्थित घर पहुंचे । दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण वे अंदर नहीं जा सके। अधिकारियों ने थोड़ी देर इंतजार किया और फिर सीजीओ कॉम्प्लेक्स लौट गए। कुछ देरबाद टीम दोबारा वहां पहुंची। अभी भी घर के बाहर दरवाजा खुलने का इंतजार कर रहे हैं। संदीप के घर के बाहर केंद्रीय बलों के जवान भी तैनात हैं। ईडी ने शुक्रवार सुबह तीन और लोगों के घरों पर छापा मारा है। हावड़ा में बिप्लब सिंह और कौशिक कोल के घर पर छापेमारी चल रही है, जबकि सुभाषग्राम में प्रसून चटर्जी के घर पर ऐसी ही कार्रवाई की गई है।

सीबीआई ने सोमवार को संदीप घोष के साथ चिकित्सा उपकरण आपूर्ति से जुड़े बिप्लब को भी गिरफ्तार किया था। वहीं, प्रसून नेशनल मेडिकल कॉलेज में डेटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में काम करते थे और उन्हें संदीप का करीबी माना जाता है। आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में संदीप के खिलाफ सीबीआई द्वारा एफआईआर दर्ज करने के बाद ईडी ने उनके खिलाफ भी ईसीआईआर (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) दायर की थी। संदीप घोष को सोमवार शाम गिरफ्तार किया गया था। उनके साथ बिप्लब और एक मेडिकल शॉप के मालिक सुमन हाजरा को भी गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, संदीप के सुरक्षा गार्ड अफसर अली को भी हिरासत में लिया गया।

मंगलवार को अलीपुर की विशेष सीबीआई अदालत ने संदीप समेत चारों आरोपितों को आठ दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तारी के 24 घंटे बाद पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने संदीप को निलंबित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया कि उनके खिलाफ आपराधिक मामले की जांच के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है। आरजी कर अस्पताल में नौ अगस्त को एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की हत्या और दुष्कर्म के मामले में भी संदीप घोष की भूमिका पर सवाल उठे थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अमित शाह जम्मू में जारी करेंगे भाजपा का संकल्प पत्र

**जम्मू/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता



और केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह आज दोपहर जम्मू पहुंच रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच वो अपराह्न साढ़े तीन बजे भाजपा का संकल्प पत्र जारी करेंगे। यह कार्यक्रम अनुथम होटल में होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्स हैंडल पर शाह के जम्मू कार्यक्रम का ब्योरा साझा किया है। इस दौरान जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रभारी केंद्रीयमंत्री जी किशन रेड्डी, राम माधव और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग के भी मौजूद रहने की संभावना है। भाजपा ने राज्य के लोगों से बातकर यह संकल्प पत्र तैयार किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक शाह पलौड़ा के मन्हास मैदान में सात सितंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसमें जम्मू और सांबा जिले की 14 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। जम्मू-कश्मीर के सह प्रभारी आशीष सूद ने कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया है।

### काजीगुंड में एक ट्रक से टकराने के बाद एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**कुलगाम ।** कुलगाम के काजीगुंड इलाके में एक टाटा मोबाइल वाहन के एक ट्रक से टकराने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे काजीगुंड के चौमुल्ला इलाके में तब हुई जब एक टाटा मोबाइल वाहन एक ट्रक से टकरा गया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में दोनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं। अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की काजीगुंड अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे को विशेष उपचार के लिए जीएमसी अनंतनाग भेज दिया गया है। मृतक की पहचान हेमराज पुत्र मुख्तार सिंह के रूप में हुई है जबकि घायल की पहचान राजेंद्र सिंह पुत्र नूरी खान दोनों निवासी पटलौनी मथुरा के रूप में हुई हैं। इस बीच पुलिस ने दुर्घटना का संज्ञान लिया है।

### चालीस दिव्यांग जन को दी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, गंभीरी नदी को ओढ़ाई चुनर

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभानसिंह आक्या के मद से भरत बाग में हुए स्वागत कार्यक्रम में विधायक मद से 40 दिव्यांगजन को मोटराईज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की। मोटराईज्ड ट्राई साईकिल पर बैठते ही दिव्यांगजन के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। इस दौरान विधायक आक्या ने विधायक मद से 60 ओर मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने की घोषणा की। वहीं गंभीरी नदी की पूजा कर चुनर ओढ़ाई गई। विधायक आक्या ने मधुवन स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के बाद पौधरोपण किया गया। गायत्री मंदिर में हवन, दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर में पूजा की गई। गांधीनगर स्थित गोशाला में गायों को चारा खिलाया। अपने जन्मदिन के उपलक्ष में चंदेरिया स्थित विकलांग सेवा संस्थान में बच्चों से मुलाकात कर उनके साथ केक काटा व अपने हाथो से उन्हे खाना खिलाया। उसके बाद विधायक आक्या लम्बे काफिले में रोड शो करते हुए महाराणा प्रताप सेतु मार्ग स्थित भरत बाग पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में समर्थको, कार्यकर्ताओ ने पुष्पवर्षा व आतिशबाजी करते हुए विधायक आक्या को अपने कंधो पर उठा लिया। भरत बाग में समारोह कार्यक्रम में शहर व गांव से आए समर्थको, कार्यकर्ताओ, कई समाज, धार्मिक, व्यापारिक व महिला संगठनो के पदाधिकारीयो ने विधायक आक्या का उपरना ओढ़ा कर, साफा पहना कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। यहां सहकारिता मंत्री गौतम दक, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, बेगूं विधायक सुरेश धाकड़, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, जिला प्रमुख भूपेन्द्रसिंह बड़ोली व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने भी समारोह स्थल पर पहुंच कर विधायक आक्या को बधाई दी।

### बदरीनाथ धाम में वराह शिला पूजा संपन्न

**बदरीनाथ धाम।** बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से रात्रि को श्री बदरीनाथ धाम में वराह जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर बदरीनाथ धाम में अलकनंदा नदी के तट पर तप्त कुंड के निकट स्थित पंच शिलाओं में से प्रसिद्ध वराह शिला की पूजा-अर्चना की गयी। भगवान विष्णु हरि नारायण के दस अवतारों में तीसरा भगवान वराह का है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को वराह जयंती के अवसर पर बदरीनाथ धाम में वराह शिला पूजन होता है। रावल अमरनाथ प्रसाद नंबूदरी ने वराह शिला की पूजा-अर्चना व अभिषेक कर जगत कल्याण की प्रार्थना की। मान्यता है कि भगवान ने वराह का रूप धारण कर समुद्र में छिपे हिरण्याक्ष नामक दानव का वध किया था तथा भूलोक को हिरण्याक्ष के भय से मुक्त कर दिया।

### छत्तीसगढ : पुलिस ने छह प्रेशर कुकर बम बरामद किया



**कोंडागांव/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में शुक्रवार को पुलिस ने छह प्रेशर कुकर बम बरामद किया है। पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के मकसद से धनोरा मांड गांव क्षेत्र के बीच प्रेशर कुकर बम लगाया गया था। कोंडागांव पुलिस एवं बम डिस्पोजल टीम ने सभी बम को सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को नक्सल प्रभावित थाना धनोरा मांडगाव क्षेत्र में नियमित गश्त के लिए निकले जवानों ने छह प्रेशर कुकर बम बरामद किया है। जिसमें चार-चार किलो के तीन और तीन-तीन किलो के तीन आईईडी शामिल है। जवानों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से नक्सलियों ने यह प्रेशर कुकर बम धनोरा मांडगाव इलाके में प्लांट किया था।

### सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान में इंफाल में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** इंफाल में सेना और मणिपुर पुलिस के संयुक्त अभियान में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया। इंफाल में हुई गोलीबारी तथा ड्रोन हमले के बाद निगरानी अभियान तेज किए जाने के दौरान यह बरामदगी हुई है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक 9 मिमी पिस्तौल, एक 60 मिमी हैवी कैलिबर लांचर, एक .177 राइफल मैगजीन के साथ, एक 12 बोर डबल बैरल राइफल, एक पंपी गन, एक .32 पिस्तौल मैगजीन के साथ, चार एचई-36 हैंड ग्रेनेड चार आर्मिंग रिंग के साथ, एक दंगा रोधी स्टन ग्रेनेड, एक पंपी मोर्टार शेल, एक जीवित 60 मिमी मोर्टार शेल, चार इग्निटर सेट डेटोनेटर, 53 जीवित गोला-बारूद राउंड, 52 नग 7.62 मिमी विस्फोटक कारतूस इंफाल पूर्व जिले के बंगबल खुल्लेन से बरामद किया गया। सुरक्षा बलों का अभियान जारी है।

# बांग्लादेश के पूर्व जहाजरानी मंत्री शाहजहां खान गिरफ्तार

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ



प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबी और उनकी पार्टी अवामी लीग के प्रमुख नेता शाहजहां खान को राजधानी के एक इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

प्रोथोम अलो के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के संयुक्त आयुक्त (उत्तर) रबीउल हुसैन ने शाहजहां खान की गिरफ्तारी की पुष्टि की। हुसैन ने कहा कि उन्हें गुरुवार रात राजधानी के धनमंडी इलाके से गिरफ्तार किया गया। मदारीपुर-2 निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक ने जहाजरानी मंत्री के रूप में भी काम किया। वह बांग्लादेश वर्कर्स फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वह 1986 में मदारीपुर-2 निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में सांसद चुने गए। वह 1991, 1996, 2001, 2008, 2014, 2018 और 2024 में अवामी लीग के टिकट पर चुनाव जीते।



जयप्रकाश नाराय । एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जियावल और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।

# ‘अपराजिता’ बिल के साथ राज्य सरकार ने ‘टेक्निकल रिपोर्ट’ नहीं भेजी, राज्यपाल नाराज

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में हाल ही में पास हुए ‘अपराजिता’ बिल 2024 को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि राज्य सरकार ने बिल के साथ आवश्यक ‘टेक्निकल रिपोर्ट’ नहीं भेजी, जो किसी भी बिल की सहमति के लिए जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि बिना इस रिपोर्ट के वह बिल पर सहमति नहीं दे सकते। यह जानकारी राज्यभवन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

उनके अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब पश्चिम बंगाल सरकार ने इस तरह का रवैया अपनाया है। राज्यपाल ने कहा है कि अक्सर राज्य सरकार विधानसभा में पास होने के बाद बिल के साथ यह जरूरी रिपोर्ट नहीं भेजती और बाद में जब बिल पास नहीं होता तो उसका दोष राज्यभवन पर मढ़



दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पूरी प्रक्रिया नियमों के खिलाफ है।

‘अपराजिता’ बिल, जिसका पूरा नाम 'द अपराजिता विमेन एंड चाइल्ड (वेस्ट बंगाल क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट) बिल 2024' है, इसे तीन सितंबर 2024 को विधानसभा में पास किया गया था। यह बिल राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए बनाया गया है। लेकिन राज्यपाल का कहना है कि इस महत्वपूर्ण बिल के साथ भी राज्य सरकार ने 'टेक्निकल रिपोर्ट' नहीं भेजी, जिससे यह मामला अटका हुआ है। राज्यपाल ने इस बिल की आलोचना भी की है। उनका कहना है कि यह बिल अन्य राज्यों के समान बिलों की नकल मात्र है। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह के बिल लाए गए हैं, जो राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए, उन्होंने सवाल उठाया कि इस बिल को राज्य ने सही तरीके से तैयार क्यों नहीं किया।

विधानसभा में पास हुए किसी भी बिल को कानून बनने के लिए राज्यपाल की सहमति की आवश्यकता होती है। यदि राज्यपाल किसी बिल पर फैसला नहीं कर पाते हैं या उन्हें किसी सलाह की जरूरत होती है तो वह उसे राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। अंतिम निर्णय राष्ट्रपति का होता है। इसी प्रक्रिया के तहत ‘अपराजिता’ बिल फिलहाल राज्यभवन में रुका हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार राज्य सरकार ने इस बिल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पास भी भेजा है।

# आरजी कर कांड के खिलाफ प्रदर्शनों में भी महिलाओं के साथ बदसलूकी

**कोलकाता ।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर निकले लोगों के बीच भी महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं सामने आईं। बुधवार रात शहर और उसके आस-पास कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाएं यौन उत्पीड़न का शिकार हुईं, जिसके बाद पुलिस ने कई आरोपितों को गिरफ्तार भी किया। बारासात के डाकबंगला मोड़ पर एक महिला और उनकी मित्र पर अश्लील इशारे करने वाले एक व्यक्ति का विरोध करने पर महिला के बेटे को पीटने की घटना सामने आई। पुलिस ने इस मामले में आशीष कर्मकार नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह घटना रात 10 बजे के करीब हुई, जब महिला और उनके बेटे को अश्लील टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। विरोध करने पर उनके बेटे को पीटा गया और महिला भी इस दौरान घायल हो गईं। कोलकाता पुलिस के नेताजी नगर थाना क्षेत्र में भी विरोध मार्च के दौरान एक महिला के साथ अभद्रता किए जाने पर हंगामा हो गया। घटना गड़िया मोड़ के पास हुई, जहां ह्यरात जागोह्ल कार्यक्रम के दौरान एक युवक ने महिला पर अश्लील टिप्पणी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भीड़ ने पुलिस की गाड़ी पर हमला कर दिया और उसे तोड़ दिया।

इसी तरह कस्बा इलाके में एक विरोध मार्च के दौरान एक युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट और यौन उत्पीड़न की घटना सामने आई। पीड़ित युवक ने बताया कि इलाके के कुछ लोग उन्हें बार-बार धमकी दे रहे थे कि वे विरोध प्रदर्शन में शामिल न हों। बुधवार रात को इलाके के दो युवकों ने उनके घर में घुसकर उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और जब युवक घर लौटा तो उसे भी पीटा गया। पाटुली थाना क्षेत्र में भी एक महिला के साथ अभद्रता की घटना सामने आई है, जिसके बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

## न्यूज IN बिजनेस

### सैमसंग ने क्रिस्टल 4के डायनैमिक टीवी किया लॉन्च

**रांची:** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने 41990 रुपये की शुरूआती कीमत पर क्रिस्टल 4के डायनैमिक टीवी लॉन्च किया। यह प्रीमियम टेलीविजन सीरीज दर्शकों के अनुभव नई ऊंचाई पर लेकर जाती है, जिससे उन्हें होम एंटरटेनमेंट के नए युग का आनंद लेने का मौका मिलता है। 2024 क्रिस्टल 4के डायनैमिक टीवी एडवांस्ड तकनीक के साथ आता है जिसमें 4के अपस्केलिंग, एयर स्लिम डिजाइन, डायनैमिक क्रिस्टल कलर, मल्टी वॉयस असिस्टेंट, क्यू-सिम्फनी और क्रिस्टल प्रोसेसर 4के सहित जीवंत विजुअल प्रदान करने वाले फीचर्स शामिल हैं। नया 2024 क्रिस्टल 4के डायनैमिक टीवी क्रिस्टल प्रोसेसर 4के और उत्कृष्ट 4के अपस्केलिंग फीचर्स से संचालित है जो तस्वीर की गुणवत्ता को लगभग 4के डिस्प्ले की तरह बनाता है। इसकी डायनैमिक क्रिस्टल कलर



तकनीक रंगों की जीवंत विविधता प्रदान करती है, जिससे उपभोक्ताओं को प्रत्येक शेड का सूक्ष्म विवरण देखने में मदद मिलती है। एचडीआर फीचर देखे जाने वाले कंटेंट के लाइट लेवल को बढ़ाता है, जबकि कंट्रास्ट एन्हांसर फीचर यह सुनिश्चित करता है कि यह अधिक नैचुरल दिखाई दे और बढ़े हुए कंट्रास्ट के साथ अविश्वसनीय रूप से हर बारीकी नजर आये। टीवी का इनबिल्ट मल्टी वॉयस असिस्टेंट उपभोक्ताओं को बिक्सबी या अमेजॅन एलेक्सा का इस्तेमाल करते हुए कनेक्टेड होम अनुभव का आनंद उठाने का मौका देता है।

# शेयर बाजार पर दबाव : सेंसेक्स 82 हजार और निफ्टी 25 हजार अंक के स्तर से नीचे लुढ़के

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई । हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने रिकवरी करके कुछ देर के लिए हरे निशान में भी अपनी जगह बनाई, लेकिन ये मजबूती अधिक देर तक टिक नहीं सकी। थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव एक बार फिर बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार की कमजोरी के कारण आज



शुरूआती कारोबार में ही सेंसेक्स 82 हजार अंक और निफ्टी 25 हजार अंक के स्तर से नीचे लुढ़क गए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज फाइनेंस, एलटी माइंडट्री, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और बीपीसीएल के शेयर 1.66 प्रतिशत से लेकर 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कोल इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.65 प्रतिशत से लेकर 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,283 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 805 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,478 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 25 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 30.08 अंक टूट कर 82,171.08 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में 82,254.79 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि तेजी का ये दौर अधिक देर तक टिक नहीं सका। इस स्तर पर मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया।



## राज्यपाल से मिले बिहार के नये डीजीपी आलोक राज

**बिनय मिश्रा**

30 अगस्त को बिहार के नये डीजीपी आलोक राज ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पौधा भेंट किया। इस अवसर पर महामहिम से मुलाकात के दौरान नये डीजीपी आलोक राज ने बिहार की हरियाली और खुशहाली के रूप में पौधा भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। गौरतलब हो कि भारतीय पुलिस सेवा 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी निगरानी डीजीपी से बिहार के नये डीजीपी बनाये गये हैं । इसी क्रम में नवपदस्थापित डीजीपी आलोक राज महामहिम से शिष्टाचार मुलाकात की।

## शिक्षकों के सम्मान में विद्यालयों में हुआ भव्य आयोजन



**मांडर :** मांडर के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। अमेरिकन पब्लिक स्कूल मांडर और ऑक्सब्रिज स्कूल सहित मांडर प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में दीप प्रज्वलित कर भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अमेरिकन पब्लिक स्कूल के निदेशक नौशाद आलम ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। वहीं, ऑक्सब्रिज स्कूल के निदेशक तौफीक आलम ने छात्रों को शिक्षकों के महत्व के बारे में बताया और डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालयों में शिक्षकों का विशेष स्वागत किया गया। छात्रों ने स्वागत गीत गाए, नृत्य प्रस्तुत किया और गुलाब के पुष्प भेंट किए। स्वागत भाषण छात्र प्रतिनिधि नुमान अंसारी द्वारा दिया गया, जिसके बाद छात्रों ने सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य और लघु नाटिका की प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों के सम्मान और मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम ने शिक्षक और छात्र के बीच के संबंधों को और भी मजबूत किया तथा सभी ने इसे एक यादगार दिन के रूप में मनाया।

## मुड़मा में जल्द शुरू होगा पाड़हा भवन का निर्माण: शिल्पी नेहा तिर्की



**मांडर :** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रोजेक्ट भवन धुर्वा स्थित सचिवालय में कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा से मुलाकात के बाद घोषणा की कि मांडर प्रखंड के मुड़मा में 40 पाड़हा भवनों का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। इस परियोजना के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार हो चुकी है, जिसकी लागत 4 करोड़ 80 लाख रुपये है। इस पाड़हा भवन का एस्टीमेट भी विभाग को सौंपा जा चुका है। शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चान्हो प्रखंड के पंडरी, बेड़ो प्रखंड के नरकोपी और लापुंग प्रखंड के दोलैचा में कला संस्कृति भवनों का भी निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, सरना, मसना, धूमकुरिया और अल्पसंख्यक कब्रिस्तानों की घेराबंदी और संरक्षण के कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इन सभी विकास परियोजनाओं पर सचिव महोदय से विस्तृत चर्चा हुई और सहमति बनी कि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले इन कार्यों को धरातल पर लाया जाएगा। विधायक तिर्की ने इस बैठक को सार्थक बताया और कहा कि जल्द ही इन परियोजनाओं के परिणाम जमीन पर दिखने लगेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए उनकी प्रतिबद्धता मजबूत है और सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर बिजुपाड़ा में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



**चान्हो:** बिजुपाड़ा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने दीप प्रज्वलित कर और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सन्नी टोप्पो ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा, शिक्षक हमारे जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। उनके बिना जीवन सार्थक नहीं होता। हमें सदैव अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों का अनुसरण करना चाहिए।₹ उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल, नौकरी, कृषि, राजनीति, समाज और संस्कृति को भी सहेजना अत्यंत आवश्यक है। सन्नी टोप्पो ने मांडर विधानसभा क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की अव्यवस्था पर चिंता जताई और कहा कि इन विषम परिस्थितियों में छोटे निजी स्कूल शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षकों और स्कूलों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, और यह दिन उन्हीं के सम्मान में मनाया जाता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूरे झारखंड के विद्या मंदिरों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लोकनृत्य ग्रुप डांस में सरस्वती विद्या मंदिर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, कथा कथन में संतोषी शाही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आचार्य पत्र वाचन में पूजा कुमारी ने स्कूल का नाम रौशन किया। कार्यक्रम में स्कूल की सचिव बबिता सिंह, अध्यक्ष नंद किशोर साहू, योगेंद्र यादव, और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रों और शिक्षकों की अहम भूमिका रही, जिन्होंने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

# पीड़ियांपोंछ मिसन मैदान में सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णान मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता

■ उद्घाटन मुकाबले में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए ■ हमें हॉकी को बढ़ावा देने की आवश्यकता : विधायक

**मेट्रो रेज**



**सिमडेगा:** बोलबा प्रखंड अंतर्गत पीड़ियांपोंछ के मिसन मैदान में सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन अंतर्राज्यीय हॉकी प्रतियोगता बालक एव बालिका का उदघाटन मुकाबला हुआ। इस प्रतियोगिता को पुलिस पब्लिक सद्भावना के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम विधायक एवं उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत नाच एवं गान से किया गया। उद्घाटन मुकाबला बालिका वर्ग से नरपति उच्च विद्यालय समसेरा एवं पीड़ियांपोंछ विद्यालय के बीच खेला गया जिसमें समसेरा नरपति ने 3-0 से जीत हासिल किया।

मौके पर मौजूद विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि आज ये हॉकी प्रतियोगिता शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। आज के दिन हम हमारे प्रेरणास्त्रोत,शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन को याद कर रहे हैं और उन्ही की याद में इस अंतर्राज्यीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि इस हॉकी आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि चुंकि पुर्व में ये क्षेत्र पुरी तरह से नक्सल प्रभावित क्षेत्र था।यहाँ पर सभी लोगों के जीवन में इसका बहुत दुष्प्रभाव पड़ रहा था। क्षेत्र पूरी तरह से अशांत था। यहां का युवा वर्ग तेजी से उन गलत कामों में संलिप्त होता जा रहा था। युवा पीढ़ी का भविष्य गर्त में समाते जा रहा था। उस समय इस क्षेत्र को नक्सलियों के चंगुल से मुक्त कराने, युवा पीढ़ी को बबार्दी से रोकने तथा जो भय का माहौल कायम था, उसके निदान करने के लिए उस वक्त के पुलिस कप्तान राजीव रंजन और यहाँ के सभी ग्रामीणों के प्रयास से ये प्रतियोगिता आयोजित किया गया। उस समय शुरू किया गया। इस प्रयास का असर आज हम सब देख रहे हैं कि आज क्षेत्र पूरी तरह से शांत है। युवा पीढ़ी का भविष्य संवर रहा है। इस बात के लिए सभी बधाई के पात्र हैं। वहीं खेल के बारे में विधायक ने आगे कहा कि खेल प्रतियोगिता से टीमवर्क और लीडरशिप की भावना बढ़ती है। नीरस जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। तनाव का स्तर कम होता है और लेखन-पढ़ाई बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खेल के क्षेत्र में बेहतर जॉब के अवसर मिल रहे हैं। हमें हॉकी खेल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है और इस खेल के महत्व को समझते हुए हमें इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेने की जरुरत है। हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और इसे वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय करने में हम सभी को योगदान करना चाहिए। हमारी सरकार खेल के प्रति संवेदनशील करते हुए उसे प्रोत्साहित कराने का काम कर रही है।आगे विधायक ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक करने की बात कही। साथ ही कहा कि परिस्थितियों एवं परिवेश के अनुरूप आदिवासियों की आर्थिक, सामाजिक, रीति-रिवाज उनकी परंपरा आदि को संजोने के साथ ही शैक्षणिक सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर उनका उन्नयन सबसे बड़ी चुनौती है,जिससे आज के समय में हम सबको को बचाए रखना है और आने वाली पीढ़ी को इसकी जानकारी देते रहना है ताकि हमारी संस्कृति सभ्यता जीवित रहे। वहीं विधायक ने खुशखबरी देते हुए कहा कि आपका ये मैदान का चारदीवारी का योजना मेरे विधायक मद से स्वीकृत हो चुका है।बहुत जल्दी इसका कार्य प्रारंभ हो जाएगा।चुंकि जानकारी के लिए बता दूं कि इससे पहले भी पुर्व में जो चारदीवारी बना है उसे भी मेरे प्रयास से ही कांग्रेस संसद स्व सुशीला केरकेट्टा जी के मद से कराया गया था। आयोजन समिति के द्वारा विधायक कोनगाड़ी को धन्यवाद दिया गया। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा,पीड़ियांपोंछ के फादर अमृत जी,समसेरा के फादर अशोक जी ,अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर खान,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सह 20 सूत्री अध्यक्ष संजय कुजूर, जिला सचिव जमीर हसन, राजाबासा अध्यक्ष सुकवन जोजो, घुटबहार अध्यक्ष सुनील जोजो,केरसई जिला परिषद प्रेमा बाड़ा,पीड़ियांपोंछ जिला परिषद अनिता बिलुंग,समाजसेवी जैनुल अंसारी,कांग्रेस मंडल अध्यक्ष ज्वलंत बेक, पीड़ियांपोंछ कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रोशन कुल्लु, बेहरिनबासा कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष अमृत मिंज,बोलबा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील टोप्पो,अमित टोप्पो, अन्टोनी केरकेट्टा,अभिराम टोप्पो, सुबोध सोरेंग, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष राम प्रसाद सिंह,सतीश शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

## शारीरिक विकास में खेल का महत्वपूर्ण योगदानः संदेश एक्का



**जलडेगा :** खेल के प्रति हमें सजग रहना चाहिए हमारे शारीरिक विकास में खेल का महत्व बहुत अधिक है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। युवा क्लब ओड़गा सारुबहार ढेलसेरा द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झापा युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में फाइनल में पहुंचीं दोनो टीमों को शुभकामना दी। उन्होने कहा कि हमें अपने दैनिक कार्य एवं पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी दैनिक रूटिंग में शामिल करना होगा तभी हमारे शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी संभव है। खेल से मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने कहा कि झापा हर खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को संसाधन और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच झारखण्ड क्लब सारुबहार बनाम टैरसा के बीच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीम दो-दो गोलकर बराबरी पर रही, इसके पेनल्टी शूटआउट में झारखंड टीम सारूबहार की टीम विजयी रही। विजेता और उपविजेता टीम को अतिथियों ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता टीम को पुरस्कार के रुप में 21 हजार नगद दिया गया। मौके पर ओडगा ओपी के प्रमोद तिवारी, मुखिया मुकुट समद, शाहजहां खान, कुलभुषण खाखा, दिनेश मांझी, एरिनियुस खेस, मुकुट कंडुलना, मार्शलेन तोपनो, सेलम सुरीन, सुलेमान जोजो, रामकिशुन प्रसाद, रसेल खलखो, अनुज प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में युवा क्लब के अध्यक्ष किशोर महकुर सहित सभी लोगों का योगदान रहा।

## आजादी के 78 साल बाद भी सोगड़ा खरवागढ़ा गांव विकास की मुख्य धारा से वंचित

### अब तक सड़क, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा गांव तक नहीं पहुंची



**पाकरटांड :** भाजपा युवा नेता विधा बड़ाईक ग्रामीणों के बुलाने पर रात्रि में सिकरियाटांड पंचायत के सोगड़ा खरवागढ़ा गांव पहुंच ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों और गांव की समस्या के बारे में जाना। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के समय से लेकर अबतक सोगड़ा खरवागढ़ा गाँव तक सड़क नहीं बना है। लगभग 3 किलोमीटर सड़क अब भी गाँव के ग्रामीणों की सुविधा हेतु बनने की राह तक रहा है। नेता, जनप्रतिनिधि आते है, समस्या सुनते है और आश्वासन देकर चले जाते है। लेकिन अब तक सड़क न रहने के कारण गर्भवती माता की पीड़ा और ग्रामीणों की समस्या को कोई नहीं समझा और ना ही सड़क बनाया। गाँव वाले तरसते रहे सड़क के लिए लेकिन किसी ने प्रयास नही किया कि जनता की सुविधा के लिए जनता की सेवा की जाए। आजादी के 78वें वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी आज तक गांव में बिजली तो छोड़ दीजिए एक पोल भी नही गड़ा है। बिजली की सुविधा से भी गाँव वंचित है। गाँव के ग्रामीण आज भी विवश है, नदी और डोभा का पानी पीने के लिए। क्या कारण है कि सोगड़ा खरवागढ़ा गाँव के ग्रामीणों को आजादी के 78वें वर्ष पूर्ण होने के पश्चात भी मनुष्य जीवन के मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। गाँव के ग्रामीणों ने आश की किरण और उम्मीद का चिराग भाजपा युवा नेता विधा बड़ाईक में देखा। विधा बड़ाईक ने ग्रमीणों को आश्वस्त किया कि मैं आपके और आपके गाँव के विकास का साथी बनूँगा। सड़क, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को आप तक पहुंचाने में जनता के सेवक की तरह काम करूँगा। ग्रमीणों ने समस्याओं का हस्ताक्षर युक्त आवेदन विधा बड़ाईक को दिया। उन्होंने मौके पर ही सड़क की समस्या के निजात के लिए एन.आर.ई.पी के अभियंता से दूरभाष से वार्ता कर सड़क की समस्या से अवगत कराया। विभाग के द्वारा सड़क निर्माण को लेकर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला, जल्द से जल्द सड़क की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिलेगा।

## शराबबंदी के नाम पर महिलाओं से दुर्व्यवहार, 70 हजार लूटने का आरोप

### भाजपा नेता श्रद्धानन्द से मिली पीड़ित महिलाएं, दोषी पुलिसकर्मियों पर की कार्रवाई की मांग



**सिमडेगाः** क्षेत्र भ्रमण के दौरान नगर परिषद क्षेत्र सांयपुर ग्राम के ग्रामीणों के बुलाने पर सुबह भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा सांयपुर ग्राम पहुंचे। ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत रविवार को दो सौ की संख्या में झारखंड सरकार की पुलिस प्रशासन हमारे सांयपुर ग्राम पहुंचे एवं देशी शराब बनाने एवं विक्री करने वालों के घर घर जाकर संघन छापेमारी की।

छापेमारी के नाम पर घर के दरवाजों को तोड़े, अलमारी को तोड़ा, घर में रखे समानों को तोड़ा, तालाब में दवाई डाला। जिसके कारण तालाब का मछली मर गया, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया । कुछ लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। बाद में छोड़ दिया गया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इतनी बड़ी कार्रवाई बिना राजनीतिक शक्ति के वगैर संभव नहीं।

# राज्यपाल ने कोलेबिरा प्रखंड का किया दौरा







**सिमडेगाः** राज्यपाल ने सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान राज्यपाल का स्वागत उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर किया।

इस दौरान राज्यपाल महोदय ने कोलेबिरा पंचायत के ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों से उन्होंने जाना कि सरकार की योजनाओं यथा उज्ज्वला योजना,नल जल योजना ,स्वयं सहायता योजना आदि का उन्हें लाभ मिल रहा है या नहीं। कोलेबिरा के कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों के बीच विभिन्न विभागों के योजना से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने साथ स्कूली बच्चों के बीच साइकिल, एक वन पट्टा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन के तहत दो लाभुकों, एक दिव्यांग लाभुक को ड्राई साइकिल, सॉइल हेल्थ किसानों के बीच सॉईलहेल्थ कार्ड ,हरा राशन कार्डसहित अन्य योजनाओं से संबंधित परिसंपत्ति का वितरण किया। सीधा संवाद में ग्रामीणों ने कई समस्याओं से राज्यपाल महोदय को अवगत कराया गया। कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा में बने आईटीआई का समय उद्घाटन कराने का अनुरोध किया गया। वही कोलेबिरा प्रखंड के डॉमटोली पंचायत में हॉकी खेल के बढ़ावा देने के लिए कोलेबिरा प्रखंड में भी एक हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का निमार्ण करने की मांग रखी। जिस पर राज्यपाल महोदय ने उपायुक्त को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देश दिया। साथ ही कई ग्रामीणों द्वारा कृषि सिंचाई की समस्या से अवगत कराते हुए कोलेबिरा प्रखंड में सिंचाई सुविधा की बहालकरने का अनुरोध किया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अनुमंडल पदाधिकारी सुमित, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, अंचलाधिकारी कोलेबिरा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।